

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 28 अक्टूबर 2024 | वर्ष: 01, अंक: 245, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## डिजिटल अरेस्ट को लेकर सावधान रहें, रुको, सोचो और एक्शन लो- का पालन करें : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को डिजिटल अरेस्ट की धोखाधड़ी से सावधान करते हुए कहा कि कोई भी जांच एजेंसी कभी भी पूछताछ के लिए आपसे फोन या वीडियो कॉल के जरिए संपर्क नहीं करेगी। उन्होंने डिजिटल सुरक्षा के लिए रुको, सोचो और एक्शन लो के तीन चरणों का पालन करने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री 'मन की बात' मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा कर रहे थे। कार्यक्रम की यह 115वीं कड़ी थी। उन्होंने देशवासियों को डिजिटल सुरक्षा के लिए रुको, सोचो और एक्शन लो के तीन चरण बताए। प्रधानमंत्री ने डिजिटल फ्रॉड करने वालों को समाज का दुश्मन बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट को लेकर सावधान रहें। घबराएं नहीं। इस बारे में सोचें,



राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन को रिपोर्ट करें और सबूत सुरक्षित रखें। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गवां दिए हैं। कभी भी आपको इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आप को पता होना चाहिए कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी भी नहीं करती। उन्होंने कहा कि मैं आपको डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताता हूँ- 'रुको सोचो-एक्शन लो'। कॉल आते ही, 'रुको' - घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। प्रधानमंत्री ने दूसरा चरण बताते हुए कहा कि 'सोचो' - कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती, न ही वीडियोकॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है, अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है।

उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के तहत 'एक्शन लो'। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें, cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें, परिवार और पुलिस को सूचित करें, सबूत सुरक्षित रखें।

### भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल का विजन एक : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देश के दो महानायकों का स्मरण करते हुए कहा कि देश की एकता को लेकर भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल का विजन एक था। प्रधानमंत्री 'मन की बात' मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा कर रहे थे। कार्यक्रम की यह 115वीं कड़ी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने गत वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली की यात्रा का उल्लेख करते हुए दो महानायकों भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल का स्मरण किया। उन्होंने दोनों महापुरुषों को साहस और दूरदृष्टि की प्रतिमूर्ति बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 31 अक्टूबर से सरदार पटेल का 150वीं जयंती का वर्ष शुरू होगा।

## अयोध्या की तरह चित्रकूट का भी होगा विकास: मुख्यमंत्री डॉ यादव

**एजेंसी**

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष के अंतराल के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। तब से पूरे देश में सनातन संस्कृति की धारा बह रही है। चित्रकूट के कण-कण में भगवान राम की महिमा व्याप्त है। अयोध्या की तरह तीर्थस्थल चित्रकूट का भी विकास किया जाएगा। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकार दोनों मिलकर चित्रकूट के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना जिले के चित्रकूट में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित श्री रामकथा के विविध प्रसंगों पर आधारित सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, संगठन सचिव अभय महाजन, सीमा यादव भी



उपस्थित रही। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भगवान राम के चरित्र प्रसंगों को समेटे चित्रकूट का यह क्षेत्र अलग-अलग स्वरूपों के साथ मनोरम है। चित्रकूट की धरती पर भगवान राम मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाए। जिन्होंने एक आज्ञाकारी पुत्र और भाई से भाई के प्रेम का प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत किया। श्रीराम के जीवन के हर चरित्र और प्रसंग हमें जीवन मूल्यों के षिक्षा और प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि राम की लीला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया, इंडोनेशिया, थाइलैंण्ड, कम्बोडिया में भी प्रेरणा के रूप में पहुंचाने वाले हमारे कलाकार हैं। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में अंतरराष्ट्रीय रामलीला में प्रस्तुतियां देने वाले ये सभी कलाकार महाकाल की नगर उज्जैन से आते हैं। मध्य प्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के तीर्थ चित्रकूट को सबसे अच्छा बनाना सरकार का संकल्प है। भौतिक संरचना के साथ समाज में बदलाव लाने की संकल्पना भी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी त्यौहारों को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। पुरूषार्थ और पराक्रम के प्रतीक दशहरा के दिन सभी स्थानों पर षस्त्र पूजन किया गया है।

## करहल के रण में डिंपल यादव का बयान, बोलीं- 'रिश्तेदारी नहीं बल्कि विचारधारा और सिद्धांतों की लड़ाई'

**एजेंसी**

**मैनपुरी।** करहल उप चुनाव के लिए सपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उदघाटन करने कस्बा पहुंची सांसद डिंपल यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस बार हमारी लड़ाई रिश्तेदारी की नहीं बल्कि विचारधारा और सिद्धांतों के बीच है। जनता भाजपा सरकार की कथनी और करनी को पूरी तरह जान चुकी है। इस बार करहल की जनता सपा को रिकार्ड मतों से जिताकर अपना आशीर्वाद देगी। हम लोग संविधान बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ मैदान मे हैं। भाजपा झूठ बोलने और भ्रम फैलाने वालों की पार्टी है। डिंपल यादव ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता बेहद सक्रिय हैं और इन्हीं की दम पर इस चुनाव में जीत का रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। उपचुनाव में एनडीए



और पीडीए के बीच की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने प्रशासन के दम पर हमें फर्रुखाबाद में हराया, ये किस तरह प्रशासन का गलत उपयोग करते हैं, जनता सब जान चुकी है। कार्यक्रम के बाद पत्रकार वार्ता में डिंपल यादव ने जातिगत जनगणना के सवाल पर कहा कि भाजपा के लोग सपा की विचारधारा और सभी को साथ लेकर चलने से घबरा गए। इसीलिए ये लोग जातिगत जनगणना नहीं कराएंगे। जबकि इसकी लगातार मांग रही है। आने वाले उप चुनाव में करहल ही नहीं बल्कि अन्य सीटों पर जनता इसका जवाब देगी। सैफई परिवार के रिश्तेदार को भाजपा द्वारा चुनाव लड़ाने के सवाल पर सांसद ने कहा कि ये रिश्तेदारी नहीं बल्कि एनडीए और पीडीए तथा विचारधारा, सिद्धांतों को बचाने की लड़ाई है। डिंपल यादव ने कहा कि प्रदेश में किसान परेशान है, बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में है। ये लोग भ्रम और देश को बांटने की राजनीति करते हैं। परिवारवाद को बढ़ावा देने के सवाल कहा कि सबसे बड़ा परिवारवाद यदि है तो भाजपा में है। प्रदेश में हजारों करोड़ के निवेश आने के सभी दावे फेल हो गए, आज धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा।

## गोचर भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ योगी सरकार का अभियान

**एजेंसी**

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में पशुओं के लिए उपलब्ध गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए बड़ा अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत अब तक अवैध कब्जे वाली 6930 हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि में से 4740 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है, जबकि शेष कब्जे वाली भूमि को खाली कराने के लिए प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि राजस्व परिषद के 15 अक्टूबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 61304.504 हेक्टेयर गोचर भूमि उपलब्ध है। वहीं, 6930.619 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। कुल मिलाकर 4740.598 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से रिक्त कराया जा चुका है।

देवरिया में कुल 256.296



हेक्टेयर भूमि चारागाह के लिए उपलब्ध है, जिसमें 16.458 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। इसमें 5.431 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है, जबकि अभी 11.027 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी है। इसी तरह, जौनपुर में कुल 1361.983 हेक्टेयर गोचर भूमि में से कब्जे वाली 70.945 हेक्टेयर भूमि पर 21.181 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्ता कराया गया है। 49.764 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा।शामली की बात करें तो कुल 293.577 हेक्टेयर भूमि में 105.752 हेक्टेयर पर अवैध कब्जे में से 27.056 हेक्टेयर को मुक्त करा लिया गया है, जबकि 78.696 हेक्टेयर भूमि के लिए अभियान चल रहा है। इसी तरह, बिजनौर, मऊ, संभल और गाजियाबाद में भी उपलब्ध कुल गोचर भूमि में से चिह्नित कब्जे वाली भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही जारी है। पशुपालन विभाग द्वारा गोचर भूमि पर हरा चारा उत्पादन की बात करें तो प्रदेश में कुल 6708 ग्रामीण गो आश्रय उपलब्ध हैं। इनमें टैग्ड गोचर भूमि 3060 है जो कुल गो आश्रय स्थलों का 45.62 प्रतिशत है।




## जहानाबाद पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त अमर सिंह पुत्र सौनी नि० रोशनपुर थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## मिशन शक्ति दीदी ने चौपाल लगाकर किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के द्दष्टिगत अभियान चलाया गया ।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना थरियांव पुलिस पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त समीर शाह पुत्र यूसुफ शाह निवासी हासिमपुर भेदपुर थाना थरियांव फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।
गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः
थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार राय. उ0नि0 उमेशचन्द्र शर्मा . का0 धर्मेन्द्र यादव।

## सेवरही पुलिस द्वारा 10 पेटी अवैध देशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में अवैध शराब बिक्री/परिवहन/निष्कर्षण विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना सेवरही पुलिस टीम द्वारा थाना सेवरही क्षेत्र से 01 अभियुक्त नरेश प्रसाद पुत्र रूदल प्रसाद सा0 बैकुण्ठपुर कोठी थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भण्डारण किया गया 10 पेटी देशी शराब बन्टी बबली की बरामदगी की गयी।

## दो पक्षों में चले लाठी और डंडे गेट लगाने को लेकर हुआ विवाद, तीन लोग हुए घायल, अस्पताल में भर्ती



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर !** हल्दौर थाना क्षेत्र के पैजानिया इलाके में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। गेट लगाने को लेकर हुए इस विवाद में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाकर तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पीड़ित मुस्ताक अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर का गेट लगवा रहे थे, तभी पड़ोसी खलील अहमद, मुनव्वर, लाईक अहमद, शकील अहमद, नूर अली और मोहम्मद अली आ गए और विवाद करने लगे। पहले गाली-गलौच हुआ, जब मुस्ताक ने विरोध किया, तो आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और मारपीट पर उतर आए। इस झगड़े में मुस्ताक की पुत्रवधू और एक दोस्त को भी पीटा गया, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि मारपीट में उसके सिर और आंख में गंभीर चोट आई हैं।

*हल्दौर थाना अध्यक्ष राम प्रताप ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान 13 वारंटी पकड़े








**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना औंग पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त गोरे पुत्र रजीत निवासी ग्राम होलापुर थाना औग को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।
थाना मलवा पुलिस द्वारा 4 वारंटी अभियुक्त सुरेश पटेल पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम सहिली थाना मलवा जनपद फतेहपुर घनश्याम पुत्र बचानी श्रीराम पुत्र बचानी निवासीगण ग्राम बादलपुर थाना मलवा थाना ललौली जनपद फतेहपुर से संबंधित अभियुक्त अंशू पुत्र रामप्रसाद निवासी चम्पतपुर थाना मलवा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। इसी प्रकार थाना बिदकीं ने आठ वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## हेड कांस्टेबल असकर खान प्रोन्नति पाकर बने उप निरीक्षक

### सर्वम सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी ने लगाये असकर खान के कंधे पर स्टार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर !** स्योहारा- थाना स्योहारा में तैनात हेड कांस्टेबल असकर खान प्रोन्नति पाकर उपनिरीक्षक बने। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर ने उनके कंधे पर उप निरीक्षक पद के स्टार लगाये।प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन ने पुलिस विभाग को अपनी कर्तव्यपूर्ण एवं सराहनीय सेवा दे रहे थाना स्योहारा जनपद बिजनौर में तैनात हेड कांस्टेबल असकर खान को उपनिरीक्षक के पद पर प्रमोशन दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर सर्वम सिंह और थाना स्योहारा के नगर इंचार्ज उपनिरिक्षक कृपाल सिंह ने असकर खान के कंधे पर उपनिरिक्षक पद के स्टार लगाकर उन्हें उपनिरीक्षक बनने की बधाई दी। असकर खान के उपनिरीक्षक बनने पर उनके मित्रो, शुभचिंतकों, रिश्तेदारों ने भी बधाई दी। असकर खान को तरक्की मिलने पर उनके परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है।
आपको बताते चलें कि असकर खान को शासन द्वारा 24 अक्टूबर 24 को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में उपनिरीक्षक के पद पर कार्य करने हेतु चयनित किया गया। मूल रूप से जनपद अलीगढ़ के रहने वाले असकार खान एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं उन्होंने वर्ष 1990 में अलीगढ़ से स्नातक की डिग्री प्राप्त की और 21 दिसंबर 1991 को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में बतौर सिपाही के पद पर भर्ती हुए और लगन एवं कर्तव्य के साथ पुलिस विभाग को अपनी सेवाएं देने लगे। पुलिस विभाग ने उन्हें 18 अगस्त 2018 को तरक्की देकर हेड कांस्टेबल बनाया और पूर्व की भांति निरंतर अपनी सेवाओं को जारी रखा तथा अब शासन ने असकर खान को 24 अक्टूबर 2024 को प्रोन्नति देकर उपनिरीक्षक के पद पर कार्य करने के लिए चयनित किया। जिसे 26 अक्टूबर 2024 को पुलिस क्षेत्र अधिकारी धामपुर ने उनके कंधे पर प्रमोशन के स्टार लगाकर अमली जामा पहनाया। उप निरीक्षक असकर खान एक कर्तव्यपरायण एवं मृदुभाषी पुलिसकर्मी है जनता के प्रति उनका व्यवहार पुलिस मित्र का रहता है तथा पुलिस विभाग को भी पूरी जिम्मेदारी, लगन और कर्मठता से अपनी सेवाएं देते हैं

## पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल, गोवंशीय पशु,अवैध तमंचा कारतूस नगदी बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना सेवरहीं क्षेत्रान्तर्गत सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शातिर पशुतस्कर बोलेरो वाहन से सीमावर्ती क्षेत्रो के रास्ते गोवंशो को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना सेवरही, थाना पटहेरवा, थाना विशुनपुरा एवं साईबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विशुनपुरा सेवरही मार्ग पर गगलवा पुल नहर के पास गणेशापट्टी जाने वाली सड़क नहर मार्ग पर घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक बोलेरो वाहन पुलिस बैरियर को तोड़कर आता दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा जंगल में पेड़ों व झाडियों की आड़ लेकर लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जिसकी पहचान विक्की प्रसाद पुत्र लड्डू प्रसाद साकिन गोपालगढ़ थाना कसया जनपद कुशीनगर, हा0मु0 मंगहरिया आमकोल थाना चौरा चौरी जनपद गोरखपुर के रुप में हुई है। उसके कब्जे से 04 राशि गोवंशी पशु, एक अदद ठोस लकड़ी का गोलाकार ठिहा, रस्सी व दो अदद चाकू, एक अदद अवैध तंमचा व 03 अदद जिन्दा कारतूस व 02 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया है।

## जमात रजाए मुस्तफा के मातहतो ने की बैठक कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**सबसे तेज प्रयागराज**
**मोहम्मद रिजवान सैफ खान**
**सोरांव।** तहसील क्षेत्र के अलमा पुर शिवगढ़ स्थित मदरसा रहमानिया में रविवार को जमात रजाए मुस्तफा के सदस्यों द्वारा हाफिज इलियास खान वा मौलाना मीर मुमताज बरकाती के नेतृत्व में बैठक हुई उक्त का बैठक का मुख्य उद्देश्य शादी विवाह के मौके पर होने वाले तमाम बुरे कामों से आवाम को रोकना वा अहले सुन्नत वल जमात व मसलके हनफी/बरेलवी के एतबार से लोगो के अकीदे को मजबूत करना साथ ही साथ आवाम के लोगो को पांच वक्त की नमाजो की पाबंदी करना तथा इस्लामी नौनिहालों के तालीम दीन की रगबत और आवाम के लोगो को दीनी तालीम के तरफ लाना साथ ही साथ आइम्मे मस्जिद वा ओलमा ए किराम का खास खयाल रखा जाना और और उनकी इज्जत करना तथा शादी के मौके पर डीजे वीडियो ग्राफी बंद करने वा दहेज वा दिखावा करने से आवाम को रोकने हेतू चर्चा की गई उक्त बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया की यदि किसी शादी में डीजे नाच गाना वीडियो ग्राफी सहित अन्य नजायजो हराम काम किए जाते है तो ओलमा ए किराम उसका निकाह हरगिज न पढ़ाएं और इस मुहिम में आवाम के हर सख्श से सहयोग की गुजारिश भी की गई उक्त बैठक में मुख्य रूप से मुफ्ती मुजम्मिल हुसैन,मौलाना मुस्ताक,कारी अनवर,कारी अनीश,हाफिज साहिबे आलम पेश इमाम डोमनी मऊ,मौलाना फैय्याज,हाफिज जाहिद रजा नूरी,मौलाना अरशद,मौलाना अफसर चतुर्वेदी,मौलाना जमील, डॉक्टर शकील,निजाम उद्दीन शेख, बेदी भाई, डॉक्टर रिजवान, सलाह उद्दीन राइन,वसीम उद्दीन,नफीस खान, मोहम्मद पुर नौगवा प्रधान प्रत्याशी निहाल खान,ग्राम प्रधान सोरांव शाहिद अली, अधिवक्ता/पत्रकार रिजवान सैफ खान सहित आवाम के अन्य दानिश मंद लोग मौजूद रहे।

## चलता ट्रक बना आग का गोला जलालाबाद ओवरब्रिज पर हादसा, ड्राइवर और क्लीनर ने कूद कर बचाई अपनी जान



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर।** नजीबाबाद थाना क्षेत्र के जलालाबाद फ्लाईओवर पर एक चलते हुए ट्रक में अचानक आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। ये तो गनीमत थी कि ट्रक के चालक और क्लीनर ने समय रहते छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। प्रारंभिक प्रयासों के तहत स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने लगी। अंततः दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि ट्रक में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। नजीबाबाद एसओ संजय तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## एसडीएम ,सीओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने दंगा नियंत्रण का किया अभ्यास







**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा हाईवे पर अचानक हूटर बजाती पुलिस की गई कई गाड़ियां पहुंच गई वाहनों से नीचे उतर पुलिसकर्मियों ने जगह-जगह मोर्चा संभाल लिया यह देख हाईवे में खड़े लोग एक किनारे हो गए और पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च शुरू कर दिया लोग यह कयास लगाने लगे कि आखिर माजरा क्या है? अचानक इतनी बड़ी तादाद में पुलिस कहां से आ गई ?नगर पंचायत क्षेत्र में कहीं कोई अप्रिय घटना तो नहीं हो गई !काफी देर बाद जब लोगों को यह पता चला कि कस्बे में कोई दंगा,घटना नहीं भड़का है बल्कि पुलिस दंगा नियंत्रण का अभ्यास कर रही है शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की सतर्कता देख लोगों ने प्रसन्नता का इजहार किया फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को यह संदेश दिया कि त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है इस दौरान कस्बे के प्रमुख चौराहों और क्षेत्र में पुलिस में फ्लैग मार्च निकाला है एसडीएम अजेंद्र सिंह ने कहा आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और संवेदनशील इलाकों में खास नजर रखी जा रही है ।वही सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने कहा दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस टीम की सतर्कता का अभ्यास किया गया ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके इस दौरान सैनी कोतवाल जयचंद्र शर्मा चौकी इंचार्ज अझुवा जितेंद्र प्रताप सिंह मय हमराहियों मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, युवक की नहीं हो पाई पहचान पुलिस जांच में जुटी



**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर!** नहटौर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सुपर स्प्लेंडर बाइक पर सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौकेपर पहुंच गई और मृतक युवक की पहचान करने में जुट गई हालांकि, युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अज्ञात वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।
थाना प्रभारी नहटौर, धीरज सोलंकी ने बताया कि युवक की उम्र लगभग 16-17 वर्ष है और उसकी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। बाइक के नंबरों के मुताबिक बाइक का मालिक हरिद्वार का प्रकाश बताया जा रहा है।

**सीसीटीवी फुटेज की जांच**
पुलिस इस घटना की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है ताकि अज्ञात वाहन का पता लगाया जा सके। पुलिस लगातार मामले की जांच कर रही रही है।

# बलवा ड्रिल के परीक्षण में अफसरों ने दिए टिप्स

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** त्यौहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बलवा ड्रिल का फाइनल अभ्यास किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज भानु भास्कर, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम गौतम के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए





विगत एक सप्ताह से पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दंगा नियंत्रण अभ्यास किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को फाइनल रिहर्सल किया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस द्वारा की जाने वाली छोटी- मोटी त्रुटियों को भी सुधारा गया। बताया गया कि दंगा नियंत्रण की कार्यवाही सदैव चुनौतीपूर्ण रही है। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि जनसमूह के किसी भी आयोजन के संबंध में उच्च स्तर की सूचनातंत्र को विकसित करना जरूरी है। इससे जनमानस के मनोभाव को समझा जा सकेगा। भीड़ अगर किसी भ्रम अथवा अफवाह के कारण उत्तेजित होती है तो नगरिक पुलिस का कर्तव्य है कि उन्हें समझा-बुझाकर शांत करें। साफ तौर पर समझाया गया कि किन्हीं अपरिहार्य स्थितियों में ही न्यूनतम बल प्रयोग कर विधिक कार्रवाई की जाए। दंगा नियंत्रण के दौरान प्राथमिकता के रूप में फायर ब्रिगेड द्वारा पानी का छिड़काव, अश्रु गैस का प्रयोग, और आवश्यकतानुसार बेंत का प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित किया जाए।

## दंगा नियंत्रण में घायलों के तत्काल उपचार की व्यवस्था

प्रशिक्षण में बताया गया कि दंगा नियंत्रण में घायल लोगों के तत्काल उपचार की व्यवस्था की जाती है। मौके पर पुलिस बल तैनात करते हुए यह सुनिश्चित किया जाता है कि आगे कोई समस्या उत्पन्न न हो।

शासन और पुलिस मुख्यालय स्तर से समय-समय पर जारी निदेशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु यह अभ्यास किया गया।पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण से संबंधित भारतीय दंड संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता और पुलिस रेगुलेशन के विधिक प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। अभ्यास के दौरान, पुलिस कर्मियों ने बुलेटप्रूफ जैकेट, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, बेंत, और टियर गैस के उपकरण आदि का उपयोग किया। आज ही संपूर्ण जनपद में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां दंगा नियंत्रण स्कीम के तहत तुरंत पुलिस बल पहुँचाने और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने का भी अभ्यास किया गया। थानों के पीए सिस्टम को भी चेक किया गया। अभ्यास के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक कौशांबी के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी कौशाम्बी, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह, एलआईयू, फायर सर्विस, जोनल दंगा नियंत्रण टीम, और सभी थानों के महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही।

## पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**हंडिया।** डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश पर हंडिया कोतवाली पुलिस पास्को एक्ट के मामले में वांछित चल रहे का आरोपी को रविवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




थाना हण्डिया पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त जिशान पुत्र जमीर अहमद उर्फ लल्लू निवासी ग्राम मलावा झूंसी थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा रविवार को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत बगहा क्रासिंग हाइवे के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना हण्डिया. उ0नि0 चन्द्रशेखर यादव. का0 रितेश राय, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन शक्ति टीम ने दिये सुरक्षा टिप्स



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में रविवार को मिशन शक्ति अभियान के फेज 05 के तहत थाना फूलपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा जिसमें उप निरीक्षक उपमा सिंह, उप निरीक्षक काजल पटेल कांस्टेबल लालसा मौर्य आदि शामिल रही। वहां पर उपस्थित लोगों तथा ग्रामीण क्षेत्र से आई महिलाओं तथा आशाओं एवं अन्य स्वास्थ्य कत्रियों को महिला सुरक्षा महिला सशक्तिकरण तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन उपयोगी योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन योजना एवं उज्जवला कौशल विकास सामूहिक विवाह योजना, चिकित्सा संबंधी आयुष्मान योजना के साथ हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर, 112 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## आपरेशन डेस्ट्राय के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे ‌ह्लमिशन शक्ति फेज- 05ह्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन डेस्ट्राय के तहत अश्लील सीडी/डीवीडी/पुस्तकें आदि के बिक्री की रोकथाम हेतु दुकानों पर चेकिंग की गई ।

# भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने किया ताबड़तोड़ जनसंपर्क

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** रविवार को फूलपुर विधानसभा उप चुनाव के भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने अपने समर्थकों व भाजपा कार्यकताओं के साथ ताबड़तोड़ जनसंपर्क किया जनसंपर्क के दौरान लोगों ने दीपक पटेल का भव्य स्वागत किया इस दौरान अन्दावा ,दुर्जनपुर रहीमापुर तिराहा ,
मल्लावां बुजुर्ग , कसेरुआ, थानापुर शुक्ला ढाबा, देवनहरी , टटीहरा , बाबूगंज, कनेहटी , चन्दौकी , तिसौरा , वीरभानपुर , चैमलपुर , बहरिया बाजार , मैलहा , ठोकरी , फूलपुर टाऊन , फूलपुर



ब्रिज के नीचे , फूलपुर बस अड्डा आदि जगह भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने जनसंपर्क किया। बहरिया में ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्रा के नेतृत्व में ढोल नगाड़े के साथ दीपक पटेल का स्वागत किया गया। दीपक पटेल ने कहा कि फूलपुर विधान सभा की जनता के जनता की सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है फूलपुर को आदर्श विधानसभा बनाने का हर संभव प्रयास करूंगा ।इस अवसर पर मुख्य रूप से एमएलसी सुरेंद्र चौधरी डीसीएफ अध्यक्ष अजय पांडे पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी अध्यक्ष नगर पंचायत फूलपुर अमरनाथ यादव ब्लॉक अरुण मिश्रा पिंटू नेता प्रमुख अमरेंद्र यादव डब्बू, नवीन सिंह पटेल,विजयलक्ष्मी चंदेल सौम्या मिश्रा मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता दिलीप निषाद,अनिल सरोज संजय मिश्रा बनकटा, उमेश तिवारी, राज बहादुर, गुड्डू राजा, संदीप कुशवाहा, सुभाष पटेल,शिवदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

## आगामी त्यौहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड़ पर, नगर पंचायत चरवा में एडीएम एसडीएम सीओ ने किया पैदल गस्त



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** आगामी दीपावली व धनतेरस त्यौहार को लेकर शासन प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। जिले के सभी उच्च अधिकारी कर्मचारी पुलिस प्रशासन नगरों कस्बों और बाजारों जैसे भीड़ भाड़ के इलाकों में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर लोगो को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाते हुए शान्ति सद्भावना भाईचारा प्रेम पूर्वक त्योहार मानने की अपील कर रहे हैं। इसी कडी में रविवार को नगर पंचायत चरवा में एडीएम प्रबुद्ध कुमार सिंह, एसडीएम योगेश कुमार गौड़ व सीओ चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी चरवा थाना प्रभारी जगदीश कुमार के साथ चरवा थाना की समस्त पुलिस फोर्स के साथ चरवा मार्केट और मोहल्लों में पैदल गस्त किया लोगो से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश करते हुए चरवा पुलिस फोर्स ने दंगा नियंत्रण करने का अभ्यास किया और चरवा बाजार के दुकानदारों व्यापारियों से बात किया और उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होने लोगों से अपील की है कि त्योहार को प्रेम पूर्वक सादगी से मनाए किसी प्रकार की कोई अराजकता या माहौल खराब करने वालों और कानून व्यवस्था को बिगड़ने का प्रयास करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। साथ ही मुख्य हिदायत पटाखा दुकानदारों को भीड़ भाड़ व बाजार से दूर दूकान लगाने और अपने दूकान में अग्निशामक यंत्र रखने को कहा गया है। पैदल गस्त के दौरान लगातार सीओ चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी स्पीकर माइक के द्वारा अपील करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने व त्योहार को शान्ति पूर्वक मानने आपसी प्रेम भाईचारा कायम रखने की बात कही। इस दौरान नगर पंचायत चरवा के तमाम व्यापारी दुकानदार मौजूद रहें।

# इफको की महिला चेतना क्लब ने दिव्यांग बच्चो के साथ मनाई दिवाली

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** महिला चेतना क्लब इफको फूलपुर के सौजन्य से रविवार को आशीर्वाद की दीवाली सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आशीर्वाद संस्था की ओर से जिला पंचायत कार्यालय, प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनीता कुदेशिया व अन्य विशिष्ट जनों द्वारा दीप प्रज्जवलन से प्रारंभ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुष्ट आश्रम विद्यालय के बच्चों ने घूमर नृत्य, राज अंध विद्यालय के बच्चों ने गान तथा बाघिर विद्यालय के बच्चों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। बाघिर विद्यालय के बच्चों का सामूहिक नृत्य विशेष आकर्षण का केन्द्र था क्योंकि गाना सुने



बिना नृत्य का तालमेल एकरूप रखना प्रसंशनीय रहा। महिला चेतना क्लब की सदस्यों ने मूक बाघिर व दिव्यांग बच्चों को दीवाली गिफ्ट तथा आधारशीला वृद्धाश्रम प्रयागराज के बुजुर्गों को कम्बल का वितरण किया। मुख्य अतिथि व महिला चेतना क्लब की अध्यक्ष विनीता कुदेशिया ने कहा कि हमारी संस्था इफको व महिला चेतना क्लब इस तरह के कार्यक्रमों में जरूर शिरकत करती है तथा जरूरतमंदो की सहायता करती है। इसमें जो आनंद की प्राप्ति होती है उसे बयाँ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने मूक बाघिर,दिव्यांग बच्चों व वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के लिए 21 हजार रुपए का चेक आशीर्वाद संस्था को प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अभिजीत मिश्र ने किया।इस दौरान इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डी.के.सिंह, महिला चेतना क्लब की सदस्य रमा वैश्य, सुनीता मिश्रा, अलका गुप्ता, सरिता सिंह, पूनम शर्मा, अनामिका मिश्रा,ममता राज तथा विभा शाही कार्यक्रम में मौजूद रही।

# महाकुंभ में रेलवे तैयार कर रहा है 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आश्रय स्थल

### प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज स्टेशन पर बने हैं 10 आश्रय स्थल ।क्राउड मैनेजमेंट के लिए की जा रही है आश्रय स्थलों की कलर कोड़िंग। आश्रय स्थलों में बनेगें अस्थाई टिकट घर, शौचालय व पूछताछ कांउटर

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य बनाने की कवायद जोरों पर है। मेला प्राधिकरण इस महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान व्यक्त कर रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों के जरिये प्रयागराज पहुंच सकते हैं। इस बार लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिये महाकुंभ में पहुचंने का अनुमान है। रेलवे एनसीआर के प्रयागराज मण्डल ने स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट को लेकर रोडमैप तैयार कर लिया है। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25000 यात्रियों के ठहरने के लिए आश्रय स्थलों का निर्माण अंतिम दौर में है।

**तैयार किया गया रोडमैप**

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज सिटी में 9 रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के आवागमन की तैयारियां चल रही हैं। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर महाकुंभ रेलवे नोडल डिविजन प्रयागराज मण्डल ने रोडमैप तैयार कर लिया है। रेलवे प्रयागराज मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान प्रति घंटे 50 हजार यात्रियों की दर से उनके गंतव्य स्टेशनों की ओर रवाना करने की योजना बनायी गई है। इसके साथ ही लगभग 25000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 आश्रय स्थलों को भी तैयार किया जा रहा है। जिनमें से 4 आश्रय स्थल प्रयागराज जंक्शन पर, 3 नैनी जंक्शन, 2 छिवकी स्टेशन और 1 सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं। ये आश्रय स्थल 2019 के कुंभ में अस्थाई टिकट घर व शौचालय की सुविधाओं के साथ बनाये गये थे। महाकुंभ 2025 में इनका पुनर्निर्माण कर संचालित करने का कार्य चल रहा है। छिवकी स्टेशन पर 1 नया आश्रय स्थल भी बनाया जा रहा है।

**आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग**

पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के लिए अलग-अलग गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक यात्रियों को अलग-अलग रंग के आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा। इन आश्रय स्थलों में उनके स्टेशनों की ओर जाने वाली गाड़ियों की घोषणा के साथ रेलवे प्रशासन उन्हें सही ट्रेन तक पहुचांने का भी प्रयास करेगा। इसके लिए आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग, जाने वाली ट्रेनों की दिशा के मुताबिक की गई है। लखनऊ और बनारस जाने वाले यात्रियों को लाल रंग के आश्रय स्थल, कानपुर के लिए हरे रंग का, जबकि सतना, मानिकपुर, झांसी की ओर जाने वालों को पीले रंग के आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा। अलग-अलग स्टेशनों पर आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग थोड़ी अलग-अलग भी है, जिसकी जानकारी स्टेशनों पर लगी रहेगी। इसके साथ ही आरक्षित श्रेणी के यात्रियों के लिए अलग से भी अस्थाई आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं।

## मसौली पुलिस द्वारा 4 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त दो अदद लोहे की पाइप व एक अदद बांस का डण्डा बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी** ।जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे 4 आरोपी को गिरफ्तार कर आला कत्ल बरामद करते हुए जेल भेज दिया।
थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त उस्मान अली उर्फ लुकमान अली पुत्र खलील . मो0 अजमल उर्फ मुन्ना पुत्र सुल्तान अली . मो0 फैसल पुत्र सुल्तान अली . सुल्तान अली पुत्र खलील निवासीगण नेवला थाना मसौली जनपद बाराबंकी को करपिया नहर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त दो अदद लोहे का पाइप व एक अदद बांस का डण्डा बरामद किया गया।

## भागवद कथा भण्डारे के साथ संपन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** श्री करुणाबिहारी जन सेवा समिति मुण्डेरा, प्रयागराज की ओर से छठवें वर्ष श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ की पूर्णिहुति और भण्डारा आज संपन्न हुआ। कथा व्यास वृन्दावन के



सन्त श्री राजेन्द्र जी महाराज थे। पूणार्हुति एवं भंडारे के कार्यक्रम के साथ समापन हुआ । बड़ी संख्या में आसपास के लोगों ने भण्डारा में प्रसाद ग्रहण किया। भागवद कथा संपन्न कराने में समिति के भगवान दास,बीएल सिंह, अनूप सिंह, दिनेश मिश्रा, प्रवीण पाण्डेय, टी एन पाण्डेय,अनुज पाण्डेय,राजीव रंजन,रमाकांत,नरेंद्र सिंह,चंदन सिंह सहित अन्य का सहयोग रहा।

# पति-बेटी का परित्याग कर महिला ने प्रेमी से की कोर्ट मैरिज

**सबसे तेज प्रयागराज**
**डासना।** वेव सिटी क्षेत्र में एक महिला ने पति व बेटी को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज कर ली। आरोप है कि महिला पति के घर में रखे 3.60 लाख रुपये और गहने भी ले गई। पत्नी के जाने से नाराज पति ने एक बार पानी की टंकी पर चढ़कर आत्महत्या करने का भी प्रयास किया। मामले में पति ने पत्नी शबनम और उसके प्रेमी सगीर के खिलाफ वेव सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। डासना निवासी शाहजमा खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पत्नी शबनम 16 महीने पहले बेटी को स्कूल में छोड़कर अपने प्रेमी के साथ चली गई। बाद में उन्हें पता चला कि शबनम ने अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज कर ली। इससे आहत होकर उसने डासना नगर पंचायत कार्यालय में बनी पानी की टंकी पर चढ़कर जान देने की कोशिश की थी। नगर पंचायत चेयरमैन पति मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू ने शाहजमा को उसकी पत्नी लाने का आश्वासन देकर पानी की टंकी से नीचे उतारा था। शाहजमा खान ने बताया कि उसकी पत्नी उसके घर वापस आ गई लेकिन बाद में घर में रखे 3.60 लाख रुपये और गहने लेकर चली गई। एसीपी वेव सिटी लिपी नगायच ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। वहीं, मौलाना शाहिद ने बताया कि इस्लाम धर्म में पहले पति से तलाक लिए बिना दूसरे व्यक्ति से निकाह करना जायज नहीं है।

## Diwali 2024 को और खास बना देंगे ये स्नैक्स और मिठाइयां, मेहमान भी खाकर करेंगे तारीफ



**दीवाली के त्योहार पर सभी मिलकर दीप जलाते हैं मिठाइयां खाते हैं और खुशियां बांटते हैं। इस मौके पर दोस्तों और रिश्तेदारों को घर बुलाते हैं और मस्ती-मजाक भी करते हैं। इसलिए दीवाली को और खास बनाने के लिए आपको घर पर कुछ मिठाइयां और स्नैक्स (Sweets and Snacks For Diwali) बनानी चाहिए। इन्हें बनाना भी आसान होता है और इनका लाजवाब स्वाद सभी को खूब पसंद आएगा।**

दीवाली का त्योहार यानी परिवार और दोस्तों के साथ खुशियां बांटने का त्योहार। दीवाली के शुभ अवसर पर लोग अपने घरों में दिए जलाते हैं, रंगोली बनाते हैं, एक-दूसरे को तोहफे देते हैं और खूब सारे स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेते हैं। इस दिन घर पर कई मेहमान भी आते हैं, जिनके साथ मिलकर तरह-तरह के गेम्स खेलते हैं और खूब मस्ती मजाक करते हैं। ऐसे में दीवाली का मजा दोगुना करने के लिए आप घर पर तरह-तरह की मिठाइयां और स्नैक्स बी बना सकते हैं। इन्हें आप आसानी से घर पर भी बना सकते हैं। यहां हम आपको उन्हीं स्नैक्स और मिठाइयों के बारे में बताने वाले हैं। आइए जानें।

दीवाली के लिए स्नैक्स

चिप्स- आलू, या शकरकंद के चिप्स दीवाली के लिए एक बेहतरीन विकल्प हैं। इन्हें आप घर पर ही आसानी से बना सकते हैं और टमाटर के केचअप के साथ सर्व कर सकते हैं।

भेलपुरी- भेलपुरी एक लोकप्रिय और स्वादिष्ट स्नैक है। इसे बनाने के लिए आपको पुदीना, धनिया, टमाटर, प्याज और चाट मसाला की जरूरत होगी। मुरमुरे में इन चीजों को मिलाकर आप टेस्टी भेलपुरी बना सकते हैं। इनके साथ आप इसमें थोड़ी नमकीन भी मिला सकते हैं।पकौड़े- पकौड़े दीवाली के दौरान सबसे ज्यादा बनाए जाने वाले स्नैक्स में से एक हैं। आप आलू, प्याज, पनीर या मिक्स वेजिटेबल के पकौड़े बना सकते हैं और धनिया-पुदीना की चटनी के साथ सर्व भी कर सकते हैं। पकौड़े लगभग हर व्यक्ति को पसंद होते हैं और इनके नमकीन स्वाद से कोई बोर नहीं होता।

दही भल्ले- दही भल्ले एक स्वादिष्ट और हल्का स्नैक है। इसे बनाने के लिए आपको उड़द की दाल, दही और मसाले की जरूरत होगी। टेस्टी इमली की चटनी के साथ दही भल्ले का स्वाद दोगुना हो जाता है।

दीवाली के लिए मिठाइयां

गुलाब जामुन- गुलाब जामुन एक पारंपरिक भारतीय मिठाई है। इसे बनाने के लिए आपको दूध, मैदा, बेकिंग पाउडर और चीनी की जरूरत होगी। बाजार में इसका तैयार पाउडर भी मिलता है, जिससे आप आसानी से इसे घर पर बना सकते हैं।

बर्फी- बर्फी एक और लोकप्रिय भारतीय मिठाई है। इसे बनाने के लिए आप दूध, चीनी और मेवे का इस्तेमाल कर सकते हैं। बर्फी आप अलग-अलग चीजों से बना सकते हैं। जैसे- बेसन, काजू या मूंगफली की बर्फी बना सकते हैं।

काजू कतली- काजू कतली एक रिच और डिलाइटफुल मिठाई है। इसे बनाने के लिए आपको काजू, चीनी और इलायची पाउडर की जरूरत पड़ेगी। दीवाली के मौके पर इस मिठाई को खूब पसंद किया जाता है।

मूंग दाल हलवा- मूंग दाल हलवा एक स्वादिष्ट और पौष्टिक मिठाई है। इसे बनाने के लिए आपको मूंग दाल, घी, चीनी और मेवे की जरूरत होगी। इसे आप आसानी से घर पर बना सकते हैं।

आपका मावा असली है या नकली? घर बैठे इन 5 ट्रिक्स से मिनटों में करें पहचान.

# आदिवासियों की देसी बीजों की खेती



प्रेरक संस्था ने यहां देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए हैं। संस्था के भिलाई स्थित वसुंधरा केन्द्र में 350 देसी धान की किस्मों का संग्रह है। जिसमें 27 किस्में लाल चावल की, 6 किस्में काले चावल की, 1 किस्म हरे चावल की है। इसके अलावा, इन किस्मों में कम पानी में पकने वाली, ज्यादा पानी में पकनेवाली, लंबी अवधि की माई धान, कम अवधि की हरूना धान इत्यादि शामिल हैं।खेती-किसानी के संकट की काफी चर्चा होती है, पर इसके विकल्प के तौर पर जो कुछ छोटे व सार्थक प्रयास हो रहे हैं, उनकी चर्चा कम होती है। रचनात्मक खेती के देश भर में कई छोटे-छोटे प्रयास हो रहे हैं, उन पर भी हमें दृष्टि डालने की जरूरत है। इसी तरह का एक प्रयोग छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में हो रहा है। इस प्रयोग को देखने-समझने में कई बार गया हूं, वहां के प्रयोग के बारे में विस्तार से चर्चा करना उचित रहेगा, जिससे खेती को समग्रता में समझा जा सके।राजिम स्थित प्रेरक संस्था ने देसी बीजों की जैविक खेती का काम छत्तीसगढ़ के 7-8 जिलों में किया है। जिसमें धमतरी, महासमुंद, कोंडागांव, बस्तर, कबीरधाम, राजनांदगांव, जांजगीर-चापा, बिलासपुर और कोरबा शामिल है। इनमें से मैंने अधिकांश जिलों में दौरा कर किसानों से बात की है, उनकी खेती देखी है, उनके बीज बैंक देखे हैं।

गरियाबंद इलाके में मैंने कुछ समय पहले दौरा किया था। यहां मुझे प्रेरक संस्था के रामगुलाम सिन्हा ले गए थे। भिलाई गांव में हमने उनके वसुंधरा केन्द्र को देखा, जहां देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन किया जाता है। उनके गुणधर्मों को पहचाना जाता है। किसान कार्यकर्ता कोमलराम साहू ने मुझे कई गांवों में घुमाया। यहां मुख्य रूप से साल व सागौन का जंगल है। पैरी नदी पर सीकासेर बांध है।

यहां घना जंगल और पहाड़ हैं। पैरी नदी और सोढूर नदी यहां की पहचान है। जिले के राजिम में महानदी, पैरी और सोढूर नदी पर पवित्र संगम है, जो एक तीर्थस्थल भी है। यहां प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक मेला लगता है जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण आते हैं।संस्था के कार्यकर्ता कोमलराम साहू बताते हैं कि कुछ वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्र में जब संकर ( हाईब्रीड) बीजों की धान फसल में बड़े पैमाने पर रोग लगा था, फसल बर्बाद हो गई थी। इसलिए कई किसान उनसे देसी धान की जैविक खेती के बारे में जानने के लिए पास आए। वे उनके गरियाबंद स्थित संस्था के वसुंधरा फार्म में जैव कीटनाशक तैयार करते हैं। जैव कीटनाशक बनाने के लिए ऐसे पौधों की पत्तियां चुनते हैं, जिन्हें मवेशी नहीं खाते। जैसे सीताफल, बेसरम, नीम, करंज फुडहर इत्यादि। इन पौधों के पत्तों से जैव कीटनाशक बनता है। इन कीटनाशक बनाने का प्रशिक्षण वे अन्य किसानों को भी देते हैं। प्रेरक संस्था ने इस विकासखंड के ग्राम हरदी में बीज बैंक भी बनाया है, जहां से किसान देसी बीज ले जाते हैं।

प्रेरक संस्था ने यहां देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए हैं। संस्था के भिलाई स्थित वसुंधरा केन्द्र में 350 देसी धान की किस्मों का संग्रह है। जिसमें 27 किस्में लाल चावल की, 6 किस्में काले चावल की, 1 किस्म हरे चावल की है। इसके अलावा, इन किस्मों में कम पानी में पकने वाली, ज्यादा पानी में पकनेवाली, लंबी अवधि की माई धान, कम अवधि की हरूना धान इत्यादि शामिल हैं। इन किस्मों में जवाफूल, विष्णुभोग, बादशाह भोग, सोनामासुरी, पोरासटका, साठिया, लायचा, डाबर, दूबराज, मासुरी इत्यादि है। इनमें कई किस्मों में औषधि गुण भी हैं। सुगंधित किस्में भी हैं।

यहां बताना उचित होगा कि विश्वप्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक आर.एच. रिछारिया ने अविभाजित मध्यप्रदेश ( जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल था) से धान की 17 हजार देसी किसानों को एकत्र किया था जिसमें अधिक उत्पादकता देने वाली, सुगंधित व अन्य तरह से स्वादिष्ट किस्में शामिल थीं। डा. रिछारिया चावल की किस्मों के विशेषज्ञ थे। वे मानते थे देसी किस्मों को ही देश में धान की खेती की प्रगति का आधार बनाना चाहिए। उन्होंने पता लगाया था कि धान की किस्मों की विविधता का बहुत अमूल्य भंडार है। धान की विविधता जरूरी है क्योंकि विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल किस्मों को चुनकर उगाया जा सके। उनकी यह सोच आज जलवायु बदलाव के दौर में बहुत ही उपयोगी है। इससे बदलते मौसम के अनुकूल मिट्टी-पानी के हिसाब से खेती में देसी किस्मों का चुनाव कर खेती की जा सकती है। किसान मौसम के अनुकूल खेती पद्धति में भी बदलाव कर सकते हैं।प्रेरक की एक कार्यकर्ता हैं ताराबाई। वे कनसिंगी गांव की रहनेवाली हैं, जो गरियाबंद से करीब 50 किलोमीटर दूर जंगल के अंदर बसा है। वे देसी बीजों की खेती को बढ़ावा देने का काम 15 गांवों में करती हैं। ताराबाई ने महिला किसानों को जैविक खेती की ओर मोड़ा है। वे कहती हैं उनकी पहल से कई महिला किसान बीज उत्पादक हैं और वे जैव कीटनाशक भी तैयार करती हैं। तनाछेदक, बंकी, ब्लास्ट कीट को मारने में यह दवा काम आती है।

ताराबाई बताती हैं कि देसी बीज मिट्टी पानी और हवा के लिए अनुकूल होता है। उसमें प्रतिकूल मौसम को सहने की क्षमता होती है। अगर हवा आंधी से देसी धान का पौधा नीचे गिर भी जाता है तो वह बाली को ऊपर कर अपने को बचा लेता है। यानी सड़ता नहीं है, जबकि संकर (हाईब्रीड) धान में यह गुण नहीं होता है। देसी धान स्वादिष्ट, मुलायम और पाचक होता है।प्रेरक संस्था के प्रमुख रामगुलाम सिन्हा बताते हैं कि हमारा उद्देश्य आदिवासियों के जीवन को बेहतर करना है। इस तरह के प्रयास छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में किए जा रहे हैं। इनमें से एक गरियाबंद जिला भी है। यहां कमार आदिवासी हैं, जिन्होंने बैगा आदिवासियों की तरह ही कभी स्थायी खेती नहीं की है, लेकिन बदलते समय में आजीविका के लिए यह जरूरी हो गया है। इसके लिए मिश्रित खेती और बाड़ी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। क्योंकि जंगलों से मिलने वाले खाद्य कंद-मूल, मशरूम और हरी पत्तीदार सब्जियों में कमी आ रही है।

वे आगे बताते हैं कि गरियाबंद इलाके में वर्ष 2014 से तरकारियों ( सब्जियों) की खेती की जा रही है। कमार और गोंड के कई परिवार यह काम कर रहे हैं। यह सब देसी बीजों से और पूरी तरह जैविक पद्धति से हो रहा है। इसमें हरी पत्तीदार सब्जियां, फल्लीदार सब्जियां, कंद, मसाले और औषधियुक्त पौधे शामिल हैं।वे बताते हैं कि इस खरीफ मौसम में हम कोदो, कुटकी, मक्का, कोसरा बाजरा जैसी पौष्टिक अनाजों पर ज्यादा जोर देंगे जिससे किसानों की खाद्य सुरक्षा हो, देसी बीजों का संरक्षण हो, जैव विविधता और पर्यावरण का संरक्षण हो। धान की जल्दी पकने वाली किस्मों का बीज किसानों को बीज बैंक से उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को बाजार से बीज खरीदने की जरूरत नहीं है, बाजार में यह बीज उपलब्ध भी नहीं हैं।कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि देसी बीजों की जैविक व प्राकृतिक खेती में काफी संभावनाएं हैं। यह मायनों में उपयोगी है। इससे देसी बीजों का संरक्षण तो होता ही है, मिट्टी-पानी का संरक्षण भी होता है। साथ ही, जैव विविधता और पर्यावरण का संरक्षण भी होता है। आज जब छत्तीसगढ़ में धान की खेती की दो फसलें हो रही हैं, रासायनिक खाद व कीटनाशकों का बेजा इस्तेमाल हो रहा है, तब मिट्टी-पानी के संरक्षण की खेती की उपयोगिता और बढ़ जाती है। देसी बीजों के साथ इससे पारंपरिक ज्ञान का भी संरक्षण होता है। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ने को तैयार हैं।

संपादकीय

## ट्रूडो के मंसूबे

दशकों से कनाडा आप्रवासियों का दिल खोलकर स्वागत करता रहा है। कनाडा का आप्रवासन मंत्र रहा है कि जितने अधिक प्रवासी लोग आएंगे, उतना उसके लिए बेहतर रहेगा। कभी नवागंतुकों का खुली बांहों से स्वागत करने वाले कनाडा की सोच रही है कि दूसरे देशों से आने वाले प्रवासी खुद को स्थापित करने के लिये अधिक मेहनत करते हैं और नये देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां तक कि कनाडा ने उन कट्टरपंथियों और चरमपंथियों का भी स्वागत किया, जो अपने मूल देशों में कानून की रेखाओं का अतिक्रमण करते रहे हैं। कनाडा सरकार खुद अपनी पीठ थपथपाती रही है कि वह अपने समकक्ष पश्चिमी देशों की तुलना में आप्रवासियों के लिये बेहतर स्थिति बनाने में अव्वल रही है। लेकिन समय के साथ-साथ स्थितियां विसंगतियों की शिकार हुई हैं। आप्रवासियों के लिये सदैव द्वार खुले रखने की कनाडा की नीतियों के चलते, वहां के मूल नागरिक मानते हैं कि इस उदार नीति का आवास, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सेवाओं पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। जिसके चलते ट्रूडो सरकार पर न केवल विपक्ष बल्कि अपनी पार्टी का भी दबाव बढ़ रहा है। आज उनकी पार्टी में ट्रूडो का इस्तीफा मांगने वालों की संख्या भी कम नहीं है। इस दबाव का ही प्रभाव है कि ट्रूडो सरकार स्वीकार कर रही है कि उनकी सरकार श्रम जरूरतों को संबोधित करने और जनसंख्या वृद्धि को बनाए रखने के बीच सही संतुलन बनाने में विफल ही रही है। सरकार मानने लगी है कि आप्रवासन टिकाऊ होना चाहिए। दरअसल, कनाडा में लिबरल सरकार की लोकप्रियता में लगातार कमी आई है। जिसकी चिंता में कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो आम चुनावों से एक साल पहले ही हाथ-पैर मार रहे हैं। ट्रूडो की सोच है कि कुछ सख्त कदम उठाकर वे अपने मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं। यहां तक कि उन्होंने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये अपने पुराने मित्र व बड़े लोकतांत्रिक देश भारत से संबंध खराब करने से भी गुरेज नहीं किया।

दरअसल, जस्टिन ट्रूडो के मुगालते कम नहीं हुए हैं। अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये उन्होंने भारत का मुखर विरोध करने वाले जिन सांसदों का समर्थन लिया, उनके एजेंडे को पूरा करने में ट्रूडो सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते ट्रूडो मानकर चल रहे हैं कि वे अपने चौथे कार्यकाल के लिये चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। लेकिन पार्टी में चल रहे विरोध के चलते आशंका है कि उनका हश्र भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जैसा न हो, जिनको डेमोक्रेट्स के भारी दबाव के बाद राष्ट्रपति पद की फिर से दावेदारी छोड़नी पड़ी। लेकिन ट्रूडो की राजनीतिक महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल रही कि वे अपरिपक्वता के चलते अपने पुराने सहयोगी नई दिल्ली के साथ संबंध बिगाड़ने से भी नहीं चूके। इसी कड़ी में वे कोशिश कर रहे हैं कि भारत से आने वाले प्रवासियों की संख्या को कम कर सकें। इसमें दो राय नहीं है कि कनाडा में स्थायी निवास की अनुमति की प्रक्रिया में जो बदलाव की मंशा ट्रूडो सरकार जता रही है, उसका सबसे ज्यादा असर भारतीय प्रवासियों पर पड़ेगा। हालांकि, उम्मीद के अनुरूप कुछ देशों से ही उन्हें नई नीति को लेकर समर्थन मिला है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अब जस्टिन ट्रूडो कनाडा की सीमाओं को बंद करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप अमेरिका में सीमाओं को लेकर सख्त कदम उठाने की बात करते रहे हैं। यहां तक कि अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर दीवार बनाना उनका मुख्य एजेंडा रहा है। लेकिन कनाडा के मामले में उसकी सबसे बड़ी मजबूरी यह है कि उसकी अर्थव्यवस्था आप्रवासियों पर पूरी तरह निर्भर है। इन आप्रवासियों ने कनाडा की आर्थिकी को मजबूत बनाने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह निर्भरता तब और बढ़ जाती है जब कनाडा की आबादी चिंताजनक रूप से बूढ़ी हो रही है। ट्रूडो सरकार की नई नीतियों के चलते उसे श्रमिकों की कमी से निपटना बड़ी चुनौती होगी। दरअसल, ट्रूडो सरकार जिसने साल 1914 की कोमागाटा मारू की घटना के लिये साल 2016 में माफी मांगकर प्रवासी भारतीयों को लुभाया था, अब उसने उस नीति से यू टर्न ले लिया है।

# संविधान बचाने की लड़ाई क्या जीत पाएंगे राहुल

डॉ आंबेडकर के बाद भारत की राजनीति में संघियों की मंशा को मान्यवर कांशीराम ने बखूबी समझा था। उन्होंने राजनीति की एक नई भाषा विकसित की। कांशीराम जी द्वारा स्थापित बसपा की राजनीतिक सफलता की कहानी तो कही जाती है लेकिन उन्होंने जो भाषा और संगठन की शैली विकसित की, उसका विस्तार से विश्लेषण और मूल्यांकन होना अभी बाकी है।साल 2024 राजनीतिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है। इस साल 18वीं लोकसभा का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव नतीजों ने एक बात पर मजबूती से मुहर लगाई है कि संविधान बदलने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकसभा चुनाव से लेकर हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड, महाराष्ट्र में भी विपक्षी इंडिया गठबंधन और खासकर राहुल गांधी लगातार संविधान के मुद्दे पर मुखर हैं। राहुल गांधी संविधान पर अब एक नया विमर्श खड़ा कर रहे हैं। राहुल गांधी द्वारा संविधान सम्मान सम्मेलन की पिछली दो सभाओं के भाषणों पर गौर करें तो एक बात स्पष्ट नजर आती है कि संविधान में निहित ऐतिहासिक विरासत, पूर्व धारणाओं तथा मूल्यों पर वह जोर दे रहे हैं। कोल्हापुर,महाराष्ट्र (5 अक्टूबर ) की सभा में उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर संविधान की रक्षा की बात कहते हुए उसमें निहित मूल्यों और परिवर्तनवादी अतीत का जिक्र किया। ब्राह्मणवादी शक्तियों द्वारा किये गए छत्रपति शिवाजी महाराज के अपमान की याद दिलाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जिस विचार ने उनका राज्याभिषेक नहीं होने दिया, उसी विचार के लोग आज सत्ता में हैं। सत्ताधारियों ने नई संसद और राम मंदिर के उद्घाटन में आदिवासी राष्ट्रपति को नहीं बुलाकर उनका अपमान किया।

राहुल गांधी ने अपने भाषण में शाहूजी महाराज, ज्योतिबा फुले और डॉ. अंबेडकर को भी याद किया। समता, स्वतंत्रता और न्याय के संघर्ष में मराठी संत तुकाराम, बसवन्ना, गुरु नानक और सामाजिक क्रांतिधर्मी ज्योतिबा फुले और डॉ. अंबेडकर का चिंतन भारत के संविधान में निहित है। यही बात राहुल गांधी ने झारखंड की राजधानी रांची के संविधान सम्मान सम्मेलन (19 अक्टूबर) में दोहराई। पूछा जा सकता है कि राहुल गांधी बार-बार इन बातों को क्यों दोहरा रहे हैं?

13 दिसम्बर 1946 को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव से शुरू हुआ संविधान निर्माण 25 नवंबर 1949 को पूरा हुआ। अगले दिन 26 नवम्बर को संविधान भारत के लोगों को आत्मार्पित (पारित) किया गया। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज की आधिकारिक घोषणा को लागू करते हुए पहला स्वाधीनता दिवस मनाया गया था। इस तारीख को यादगार बनाने के लिए संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। लेकिन राहुल गांधी संविधान निर्माण की तीन साल की काल अवधि को भारत की विशाल परंपरा से जोड़ रहे हैं। रांची में उन्होंने भगवान बुद्ध को याद करते हुए उनके मूल्यों को संविधान से संबद्ध किया। आखिर क्या कारण है कि राहुल गांधी संविधान की यात्रा को तथागत बुद्ध तक लेकर जा रहे हैं? आमतौर पर संविधान को 1857 से लेकर 1947 के बीच 90 साल तक चले स्वाधीनता आंदोलन और विचार-चिंतन का परिणाम माना जाता है।कांग्रेस के विभिन्न अधिवेशनों में पारित प्रस्ताव और अंग्रेजी सरकार द्वारा लागू गए नियम तथा अनेक देशों के महत्वपूर्ण प्रावधानों को संविधान में शामिल किया गया। गौरतलब है कि संविधान पारित होने के तीन दिन बाद ही (30 नवम्बर, 1949) आरएसएस ने संविधान पर हमला बोलते हुए अपने मुखपत्र %आर्गेनाइजर' में लिखा था कि %भारतीय संविधान औपनिवेशिक दासता का प्रतीक है। इस पर विदेशी प्रभाव है।' आरएसएस के अनुसार संविधान में %कुछ भी भारतीय नहीं है क्योंकि इसमें मनु की संहिताएं नहीं हैं।' आरएसएस को मनुस्मृति के आधार पर संविधान चाहिए था। इसलिए संघ ने बाबासाहब अम्बेडकर द्वारा लिखे गए संविधान को मानने से इनकार कर दिया। लंबे समय तक संघ संविधान का खुलकर विरोध करता रहा। लेकिन 1990 के दशक में उसने चुप्पी ओढ़ ली। फिर इसी संविधान के बल पर उसकी राजनीतिक शाखा भाजपा केंद्र की सत्ता में दाखिल हुई। दस साल से केंद्र में स्थापित होने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव के समय अधिकतर संघी पृष्ठभूमि वाले भाजपा के दर्जनों नेताओं ने संविधान बदलने के लिए 400 सीटें जीतने का ऐलान किया। हालांकि चुनाव में भाजपा के मनसूबे पूरे नहीं हुए। लेकिन यह खतरा अभी टला नहीं है। आरएसएस का अंतिम लक्ष्य डॉ.अंबेडकर के संविधान को हटाकर मनुवादी संविधान लागू करके भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है।



धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे आधुनिक विचारों को संघ ही नहीं भाजपा के नेता भी विदेशी मानते हैं। भारतीयता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का नारा देने वाला संघ संविधान को गैर-भारतीय घोषित करना चाहता है। राहुल गांधी अपने भाषणों के जरिए लगातार एक विचार को मजबूत कर रहे हैं कि संविधान में निहित मूल्य भारतीय हैं। हमारा संविधान स्वतंत्रता, समानता और सम्मान की एक पूरी धारा का प्रतिनिधित्व करता है।

गौरतलब है कि डॉ अंबेडकर ने अपनी चर्चित किताब %क्रांति प्रति-क्रांति' में बुद्ध की परंपरा को क्रांतिधर्मी परंपरा कहा है। उनका मानना है कि वैदिक और हिंदुत्व की वर्णवादी व्यवस्था ने शूद्रों और अछूतों को समाज से बहिष्कृत किया। हिंदुत्व के विचार और व्यवस्था में सदियों तक शूद्रों और दलितों का दमन और शोषण किया जाता रहा। स्वयं डॉ अंबेडकर ने प्रारूप समिति के अध्यक्ष के तौर पर क्रांतिधर्मी और परिवर्तनवादी आधुनिक मूल्यों को संविधान में समाहित किया। राहुल गांधी ने रांची में बहुत मुखरता से संविधान के सामने संघ की मंशा मनुस्मृति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष सिर्फ तात्कालिक नहीं है बल्कि सदियों पुरानी लड़ाई है। मनुस्मृति के जरिए जो अमानवीयता और अन्याय की व्यवस्था खड़ी की गई थी, आज सत्ताधारी उसी व्यवस्था को देश के पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर लादने की कोशिश कर रहे हैं। इस मानसिकता के नए शिकार अल्पसंख्यक हैं। मुसलमानों और ईसाइयों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना इसी व्यवस्था का हिस्सा है। राहुल गांधी ने इस बात को समझ लिया है कि केवल चुनावी राजनीति के जरिए इस लड़ाई को नहीं जीता जा सकता है। नरेंद्र मोदी के दस साल के शासन में खुलकर मनुस्मृति का महिमामंडन किया गया। कतिपय नेताओं और राजनीतिक महत्वाकांक्षी बाबाओं ने मनुस्मृति को लागू करने की मांग की।डॉ आंबेडकर के बाद भारत की राजनीति में संघियों की मंशा को मान्यवर कांशीराम ने बखूबी समझा था। उन्होंने राजनीति की एक नई भाषा विकसित की। कांशीराम जी द्वारा स्थापित बसपा की राजनीतिक सफलता की कहानी तो कही जाती है लेकिन उन्होंने जो भाषा और संगठन की शैली विकसित की, उसका विस्तार से विश्लेषण और मूल्यांकन होना अभी बाकी है। बाबासाहेब ने जातिगत शोषणकारी व्यवस्था को ब्राह्मणवाद कहा था। मान्यवर कांशीराम ने इसे मनुवाद की संज्ञा दी । अंबेडकर ने ब्राह्मणवादी व्यवस्था के लिए अंतत- तमाम हिंदू धर्मशास्त्रों को उत्तरदायी ठहराया। लेकिन सर्वाधिक खतरनाक मनुस्मृति की 25 दिसंबर 1927 को होली जलाई। मान्यवर कांशीराम ने मनुस्मृति पर आधारित ब्राह्मणवाद को मनुवाद कहा। उनका पूरा आंदोलन और संघर्ष इस मनुवादी व्यवस्था को मिटाने के लिए था। लेकिन उनके दिवंगत होने के बाद इस राजनीतिक आंदोलन को ब्रेक लग गया। इसके बाद प्रतिक्रियावादी और मनुवादी आरएसएस भाजपा के जरिए सत्ता के केंद्र तक पहुंच गया। आज मनुवादी व्यवस्था को पुनर्स्थापित करने के लिए संघ बेचैन है। चुनावी लोकतंत्र में सीधे तौर पर संघ इस व्यवस्था को थोपने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इसलिए उसका मकसद पहले संविधान को हटाकर लोकतंत्र को बेमानी बना देना और उसके बाद हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करना है।

हिन्दू राष्ट्र के मायने क्या है? स्त्रियों, दलितों और वंचितों को ब्राह्मणवादी व्यवस्था में विवेकहीन और असहाय गुलाम बनाना। इसलिए आज की सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को बचाने की लड़ाई बन गई है। संविधान के प्रति सम्मान ही नहीं बल्कि उसकी सुरक्षा करना असली दायित्व है। महत्वपूर्ण यह है कि राहुल गांधी ने इस खतरे को भांपकर अपनी पूरी राजनीति को संविधान पर केंद्रित कर दिया है। राहुल गांधी ने डॉ अम्बेडकर से लेकर भगवान बुद्ध की विरासत का जिक्र करके यह बता दिया है कि उनकी नजर में भारतीयता और भारतीय परंपरा क्या है। यह पूरी विरासत भारत के संविधान में निहित है। मनुस्मृति पर आधारित ब्राह्मणवादी वर्णव्यवस्था भारत की विरासत नहीं हो सकती। इसीलिए राहुल गांधी ने रांची में कहा कि संविधान को खतरा मनुस्मृति से है। राहुल गांधी आरएसएस की सोच पर सीधा हमला कर रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी इस वैचारिक लड़ाई को जीत पाएंगे?

# दिव्य, भव्य होगा प्रयागराज का महाकुंभ

## महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां पहुंची प्रयागराज, भव्य स्वागत । महाकुंभ में लगेगा शिविर, कई देशों से बड़ी संख्या में आएंगे विदेशी शिष्य : हिमांगी सखी मां

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** विश्व की प्रथम पांच भाषाओं में श्रीमद्भागवद् कथा करने वाली और वाराणसी लोकसभा चुनाव की पूर्व प्रत्याशी किन्नर महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां मुम्बई से चलकर आज प्रयागराज पहुंची।प्रयागराज के भाजपा के वरिष्ठ नेता डा श्याम प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिष्यों ने बमरौली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत और अभिनन्दन किया।



महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने बताया कि तीर्थराज प्रयागराज में अगले वर्ष लगने वाला महाकुंभ दिव्य, भव्य होगा, देश ही नहीं विदेश से बड़ी संख्या में शिष्य, श्रद्धालु शामिल होंगे और कल्पवास करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने बताया कि वह तीर्थराज प्रयागराज के विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ में अलग - अलग भाषाओं में श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा का प्रवचन और भजन करूंगी। उन्होंने बताया कि शिविर में कथा, प्रवचन, विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम, पूजन, हवन और भण्डारा चलेगा जिसमें बड़ी संख्या में देश, विदेश के शिष्य और श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे और वह लोग परिवार सहित माहभर शिविर में रहकर दोनों वक्त गंगा स्नान और कल्पवास करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने बताया कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में लगे मेरे शिविर में अमेरिका,जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, रूस, नेपाल सहित अन्य देशों से बड़ी संख्या में शिष्य परिवार सहित आ रहे हैं। यह सभी लोग माहभर संगम की रेती पर कल्पवास करते हुए भगवद् भजन करेंगे। उन्होंने बताया कि जब से श्री अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना है तबसे सनातन धर्म और संस्कृति में नयी चेतना आ गयी है, ऐसे में शिविर में आने वाले देश और विदेश से सभी शिष्य अयोध्या धाम जाकर भगवान श्रीराम का दर्शन, पूजन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रयागराज के आसपास के प्रमुख धार्मिक धार्मिक स्थलों वाराणसी, चित्रकूट, कौशांबी, कुशीनगर, मिजार्पुर सहित अन्य स्थानों पर जाकर वह लोग पूजन, अर्चन करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने कहा कि जिस तरह से केन्द्र और प्रदेश सरकार, मेला प्रशासन महाकुंभ मेला का प्रचार - प्रसार देश और विदेश में कर रहा है उससे बड़ी संख्या में स्नानार्थी और श्रद्धालु तीर्थराज प्रयागराज में बड़ी संख्या में एकत्र होंगे।

# एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को जागरुक कर हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस क्रम में थाना महेवाघाट, थाना पश्चिम शरीरा, थाना कोखराज, थाना संदीपनघाट एवं महिला थाना पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते/चौपाल लगाकर कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके



प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

# संदीपन घाट पुलिस ने अवैध पटाखा किया बरामद









**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उ०नि० विजेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त प्रदीप कुमार पटेल पुत्र लल्लू प्रसाद पटेल नि० मररधरा असरफपुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को कसिया पूरब के पास से 9.512 किलोग्राम अवैध पटाखा के साथ गिरफ्तार किया गया।

## दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

कौशांबी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उ०नि० उदय नारायण यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दिलीप उर्फ साहिल पुत्र स्व० बनवारीलाल निवासी ग्राम मोहम्मदपुर असवां थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## चोरी के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

कौशांबी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उ०नि० कृष्ण कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त धीरूचन्द्र पुत्र जगपत पाल नि० बैरागीपुर थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को यमुनापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# स्व□मयी अन्नपूर्णा के विग्रह के दर्शन और भक्तों को खजाने का वितरण किया जाएगा : महंत शंकर पुरी

**वाराणसी ।** श्री अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी ने बताया कि धनतेरस पर्व पर 29 अक्टूबर से मां अन्नपूर्णा के दरबार में भक्तों को खजाना मिलेगा,धनतेरस के दिन स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के विग्रह के दर्शन और भक्तों को खजाने के रूप में सिक्कों का वितरण किया जाएगा।बाबा विश्वनाथ को अन्न-धन की भिक्षा देने वाली मां अन्नपूर्णा अपने भक्तों पर कृपा बरसाएंगी मुहूर्त पूजन मंगल बेला में सुबह तीन बजे से पूजन शुरू होगा। पौने पांच तक शविधि पूजन होगा आम भक्तों के लिये पांच बजे पट खुलेगा,29 अक्टूबर धनतेरस के दिन निर्धारित समय से एक घंटे पहले ही मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे और पांच दिनों तक श्रद्धालु माता के स्वर्णमयी विग्रह मां अन्नपूर्णा मां भूमि देवी,लक्ष्मी और रजत महादेव के दर्शन कर सकेंगे। मुहूर्त पूजन मंगल बेला में सुबह तीन बजे से पूजन शुरू होगा पौने पांच तक शविधि पूजन होगा आम भक्तों के लिये पांच बजे पट खुलेगा 29 अक्टूबर धनतेरस के दिन निर्धारित समय से एक घंटे पहले ही मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे और पांच दिनों तक श्रद्धालु माता के स्वर्णमयी विग्रह मां अन्नपूर्णा, मां भूमि देवी,लक्ष्मी और रजत महादेव के दर्शन कर सकेंगे। महंत शंकर पुरी ने बांसफाटक स्थित काशी अन्नपूर्णा क्षेत्र के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दीया। महंत शंकर पुरी ने बताया कि धनतेरस पर इस बार बहुत ही शुभ योग निर्मित हो रहा है। देश में समृद्धि रहेगी और कोष भरा रहेगा। अभिजीत मुहूर्त में भोर में माता का पूजन व आरती के बाद खजाने की पूजा कीया जाएगा।महंत शंकर पुरी ने बताया कि वर्ष में सिर्फ चार दिन भक्तो को दर्शन का अवसर मिलता था लेकिन इस वर्ष दूसरे वर्ष भी पांच दिन स्वर्णमयी अन्नपूर्णा का दर्शन श्रद्धालु कर सकेंगे।

धनतेरस को खजाना वितरण होगा 2 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव के दिन लड्डूओ की झांकी सजेगी, वही रात्रि 11.30 बजे माता की महा आरती होगी इसके बाद एक वर्ष के लिए स्वर्णमयी मां अन्नपूर्णा का कपाट बंद कर दिया जाएगा। भक्त बांसफाटक से होते गेट नंबर एक ढुंढिराज से मन्दि पहुंचेंगे वहां बनी अस्थायी सीढियों से होते हुए स्वर्णमयी माता का दर्शन करके श्रद्धालु कालिका गली से बाह निकलेंगे। प्रबंधक काशी मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा के लिए कैमरों की संख्या बढ़ा दी गई है। कंट्रोल रूम के जरिए निगरानी की जाएगी। जगह-जगह सेवादार तैनात रहेंगे।

# फूलपुर में एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य की सभी सुविधाएं। पाठक

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर।** फूलपुर में अब एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध हो गई है जो 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहती है उक्त बाते रविवार को स्थानीय पत्रकारों से बाते करते हुए प्रयाग नर्सिंग एवं मैटरनिटी होम के प्रबंधक एम बी बी एस एम डी डाक्टर आर एन पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि प्रयाग नर्सिंग होम वैसे तो काफी पुरानी अस्पताल फूलपुर बस स्टॉप के पास है लेकिन इसके अतिरिक्त फूलपुर से प्रयागराज रोड पर एक नई अस्पताल इसी के नाम से बड़ी अस्पताल खोली गई है जिसमें ब्लड बैंक से लेकर डायलिसिस सेंटर न्यूरो सर्जरी से लेकर सभी प्रकार की जांच सुविधाओं से लेकर हर प्रकार के ऑपरेशन हार्ड,किडनी से लेकर कैंसर तक के रोगियों का एम बी बी एस सर्जन डाक्टरों द्वारा उपचार किया जाता है।जहां सैकड़ों की संख्या में विभिन्न रोगों से संबंधित मरीजों की भीड़ लगी रहती है। उनके पुत्र एम बी बी एस एम डी डाक्टर आशुतोष पाठक ने बताया कि सैकड़ों बेड का यह अस्पताल पूरे गंगापार सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है इसमें गरीब मरीज जिनके पास आयुष्मान कार्ड है उनको भी सभी प्रकार के उपचार एवं दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है यह एक ऐसा अस्पताल है जिसके परिवार में सभी एम बी बी एस डाक्टर है पिता के अतिरिक्त माता अर्पणा पाठक पत्नी अंकिता पाठक बहन और बहनोई भी एम बीबी एस डाक्टर है। मौके पर विवेक सिंह,बिरेंद्र पाठक,सुरेंद्र कुमार,शंभू नाथ,राजेश यादव,विमल,इरशाद,जावेद,शिवानी पटेल,वंदना,संजना,प्रीति,के अतिरिक्त वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर त्रिपाठी,रमेश पांडेय,रामनरेश यादव,मौजी लाल रावत,मिथलेश यादव,शरद चौरसिया,सुभाष चंद्र गुप्ता,हर्ष देव तिवारी,शिव बाबू चौरसिया आदि रहे।

# लापता हुए बच्चों को पुलिस के सुपुद किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** हल्दौर नगर में शनिवार की शाम को कूकड़ा चुंगी पर तीन बच्चे जिनकी उम्र लगभग 5 वर्ष की होगी रोते हुए दिखाई दिए। जिन्हें वहां पर नागरिकों ने अपने पास बैठा रखा था तीनों ही अपने माता- पिता का नाम नहीं बता पा रहे थे। नागरिकों ने थाने में सूचना देकर उन तीनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अथक प्रयास से रात्रि लगभग 8 बजे बच्चों के घर का पता लग पाया। बच्चों की पहचान अनविया पुत्री शहजाद, फरहान पुत्र शाहनवाज एवं अफ्फान पुत्र तौफीक अहमद के रूप में हुई सभी जामा मस्जिद हल्दौर के निकट के निवासी है पुलिस ने तीनों बच्चों को उनके माता पिता के सुपुर्द कर दिया पुलिस के इस सराहनीय कार्य हेतु नगर में बहुत प्रशंसा की जा रही है।

# बिजली तार की चिंगारी से गन्ने के खेत में आग फसल जलकर खाक, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** हल्दौर थाना क्षेत्र के करनपुर गांव में बिजली के जर्जर तार से निकली चिंगारी ने किसान के गन्ने के खेत को चंद मिनटों में खाक कर दिया। जानकारी के अनुसार, करनपुर के निवासी किसान योगेश शर्मा के खेत में से होकर गुजर रही बिजली लाइनें पिछले काफी समय से खराब हालत में हैं। योगेश का कहना है कि कई बार विभाग को सूचित करने के बावजूद इन लाइनों की मरम्मत नहीं की गई। अचानक बिजली के तार में फॉल्ट हुआ और उससे निकली चिंगारी ने गन्ने के लहलहाते खेत को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में खेत में आग की लपटें उठने लगीं, जिससे पूरा खेत जलकर खाक हो गया। योगेश शर्मा के बेटे नीटू शर्मा ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी करते हुए बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। नीटू ने सरकार से अपील की है कि उनके परिवार को इस नुकसान के लिए उचित मुआवजा दिलाया जाए और जल्द से जल्द इन जर्जर लाइनों को बदला जाए ताकि भविष्य में किसी और किसान को इस तरह का नुकसान न सहना पड़े। गांव के अन्य किसानों ने भी योगेश शर्मा के समर्थन में बिजली विभाग के खिलाफ आवाज उठाई है। उनका कहना है कि बिजली की जर्जर लाइनों की मरम्मत न होने से हर साल इस तरह की घटनाएं होती हैं और कई किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द इन लाइनों को बदलने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर असंद्रा पुलिस चोरी के आरोपियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर सामान बरामद करते हुए लिखा पढ़ी किया।

थाना असन्द्रा पुलिस द्वारा क्षेत्र की जनता के सहयोग से शनिवार को अभियुक्त रवि पाण्डेय पुत्र सुरेन्द्र पाण्डेय निवासी लालपुर मजरे नाथूपुर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को चोरी की 3 कटोरी व जोड़ी आरती में बजाने वाला मंजीरा के साथ गिरफ्तार किया गया।

# कोठी पुलिस ने 05 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे 5 अभियुक्तगण भगेलू पुत्र रामकुमार . नीरज कुमार पुत्र रामसमुरिन. राकेश पुत्र भगवती प्रसाद . जगेश्वर प्रसाद पुत्र वंशराज निवासीगण बुधनई थाना कोठी जनपद बाराबंकी , लल्लू पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी सरायमीर थाना कोठी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 3,600/- रुपए बरामद किया।

# भाजपा यमुनापार सह-चुनाव अधिकारी बने रमाकांत विश्वकर्मा व राजेश शुक्ला , यमुनापार के पदाधिकारियों कार्यकताओं ने दी शुभकामनाएं

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र ने रविवार को संगठन पर्व 2024 के संगठनात्मक चुनाव हेतू काशी क्षेत्र के सभी जिलों के सह चुनाव अधिकारी घोषित कर दिए हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया की यमुनापार काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रमाकांत विश्वकर्मा व भाजपा जिला महामंत्री यमुनापार राजेश शुक्ला को सह चुनाव अधिकारी बनाएं जाने पर जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, शिवदत्त पटेल,जय सिंह पटेल, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मनोज गुप्ता, सतीश विश्वकर्मा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# डीएम ने जनपद के समस्त सम्मानित ग्राम प्रधानों को दीपावली पर्व की दी हार्दिक शुभकामनाएं

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** डीएम मधुसूदन हुल्गी ने जनपद के समस्त सम्मानित ग्राम प्रधानों को दीपावली सहित अन्य त्यौहारों की सपरिवार एवं ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अवगत है कि हमारा देश विभिन्न धर्मों एवं संस्कृतियों का देश है, जहाँ प्रत्येक त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास एवं सौहार्द्र के साथ मनाये जाते है। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी गंगा-यमुना के द्वाबा में बसा होने के कारण अपनी सांस्कृतिक विशिष्टिताओं के लिए विख्यात है। यहॉ की सामाजिक व धार्मिक मेल-मिलाप व सद्भाव की संस्कृति को गंगा-जमुनी संस्कृति के नाम से जाना जाता है। कौशाम्बी जनपद शान्ति व अहिंसा के प्रवर्तक महात्मा बुद्ध की भी कर्मभूमि रही है । आगामी दिवसों में धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैयादूज का त्योहार है, जिसे यहां के निवासी अत्यन्त हर्षोल्लास एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाते है, जिस प्रकार आप द्वारा अपनी ग्राम पंचायतों को विकास के बहुआयामी प्रयासों द्वारा आदर्श बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है, उसी प्रकार ग्रामवासियों के सुख - दुःख में भी आपकी बराबर की भागीदारी होने के कारण त्योहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने में आपकी प्रभावी भूमिका है। अनेक अवसरों पर आपके द्वारा त्योहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने तथा कानून-व्यवस्था बनाये रखने में अपना सहयोग जिला प्रशासन को दिया गया है। उसी प्रकार इस बार भी आपका सहयोग अपेक्षित है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग से जनपद कौशाम्बी में दीपावली व अन्य त्योहारों को शान्ति व सद्भावपूर्वक सम्पन्न कराने में हम सफल होगें ।

# सस्ते मोबाइल दिलाने का झांसा देकर 70 हजार ठगे

**इंदिरापुरम।** भोवापुर में रहने वाले युवक से ठग ने सस्ते मोबाइल दिलाने का झांसा देकर 70 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले में आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है।

पीड़ित सैलून चलाने का काम करता है।भोवापुर निवासी सोपाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका कृष्णा सुपर के नाम से सैलून है। सैलून पर करन सिंह नाम का ग्राहक आता था। उससे अच्छी जान पहचान हो गई थी। आरोप है कि करन सिंह ने सस्ते दाम में मोबाइल दिलाने का झांसा दिया। पीड़ित का आरोप है कि करन सिंह ने उसे 70 हजार रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहे। इसके चलते उसने दो बार में उसे 70 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। करन ने कुछ दिन में मोबाइल देने की बात कही।

पीड़ित का कहना है कि काफी समय से उसका मोबाइल बंद आ रहा है। काफी तलाश करने के बाद भी करन का पता नहीं लगा।

## दुल्हन बनने जा रही हैं 'कुबूल है' कि जोया, इस दिन बॉयफ्रेंड सुमित संग सात फेरे लेंगी

# सुरभि ज्योति





साल 2012 में जी टीवी पर एयर होने वाले हिंदी ड्रामा सीरियल 'कबूल है' में जोया का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस Surbhi Jyoti Wedding एक बार फिर से सुर्खियों में हैं. सुरभि ने अपना जीवन साथी ढूंढ लिया है और बहुत जल्द वो शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं. खबरों की मानें तो सुरभि अपने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड सुमित सुरी के साथ 27 अक्टूबर को शादी के बंधन में बंधेंगी. सोशल मीडिया पर 'नागिन' फेम एक्ट्रेस के फैन्स उनकी शादी को लेकर काफी एक्साइटिड हैं.शादी की तैयारियों के बीच एक्ट्रेस ने बॉयफ्रेंड सुमित सुरी के साथ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की और अपने रिश्ते पर मोहर लगाई. सुरभि और सुमित की शादी उत्तराखंड के जिम कोर्बेट पार्क के एक लग्जरी रिजॉर्ट में होगी. पहले खबरें आईं थीं कि सुरभि-सुमित राजस्थान में शादी करेंगे लेकिन उनका मनपसंद वेन्यू उन्हें नहीं मिल पाया जिसके बाद उन्होंने उत्तराखंड में शादी करने का फैसला लिया.

**पहले मार्च में होने वाली थी शादी**

दोनों की शादी पहले मार्च में होने वाली थी लेकिन वेन्यू ना मिलने की वजह से उन्होंने शादी को पोस्टपोन कर दिया लेकिन अब आखिरकार डेट डिसाइड हो गई है और दोनों लव बर्डस् 27 को शादी करेंगे. बात करें दोनों के रिश्ते की तो सुरभि-सुमित काफी लंबे वक्त से दोस्त हैं. एक म्यूजिक वीडियो 'Haanji- The Wedding Mantra' में सुरभि और सुमित साथ दिखाई दिए थे. दोनों ने इस वीडियो में दूल्हा-दुल्हन का रोल किया था और अब दोनों सच में लाइफ पार्टनर बनने जा रहे हैं.

**कौन हैं सुरभि के होने वाले पति सुमित सूरी ?**

बात करें सुरभि के होने वाले हबी की तो सुमित सुरी एक एक्टर और प्रोड्यूसर हैं, जो ऋषिकेश से आते हैं. वो कई विज्ञापनों में भी नजर आ चुकी हैं. जबकि, वॉर्निंग फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया है, जिसे गुरमीत सिंह ने डायरेक्ट किया था. सुमित, खतरों के खिलाड़ी 4 में भी बतौर कंटेस्टेंट नजर आ चुके हैं. हाल ही में सुमित, विक्रांत मैसी और कीर्ति खरबंदा के साथ फिल्म '14 फेरे' में भी काम किया था. उन्होंने विवेक का किरदार निभाया था.

## जो कोने-कोने में कर रहे हो, खुले में करो. . .सलमान खान ने करणवीर की लगाई क्लास



सलमान खान का रिएलिटी शो बिग बॉस 18 इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहा है. आए दिन घर में कंटेस्टेंट्स की लड़ाई झगड़े की खबरें छाई रहती हैं. अब 'वीकेंड का वार' में सलमान खान खतरों के खिलाड़ी के हालिया विनर करणवीर मेहरा की क्लास लगाते दिखने वाले हैं. शो के मेकर्स ने कलर्स पर लेटेस्ट एपिसोडा का एक प्रोमो शेयर किया है, जिसमें सलमान करणवीर को आइना दिखाते नज़र आ रहे हैं.प्रोमो में सलमान करणवीर से कहते दिख रहे हैं, बाहर आप परिवार जोड़ नहीं पाए और यहां भी परिवार नहीं जोड़ पा रहे हैं. आप कोई भी चीज़ कम्प्लीट नहीं कर पाते हैंज्ये जो कोने कोने में कर रहे हो, ये खुले में करोजविवियन (दसेना) को बोल सकते हो को आपकी ऑडियंस, आप कर क्या रहे हो तो क्या यार आपकी ऑडियंस नहीं है? आप क्या कर रहे हो? ये तो सलमान के क्लास का महज ट्रेलर है. शो में करणवीर को सलमान कितना सुनाते हैं ये देखना दिलचस्प होगा.

**सलमान ने दिया रिएलिटी चेक**

इस वीडियो को कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा गया है, करणवीर ने किया हार्श ट्रुथ का सामना, जब मिला उनको सलमान खान से रिएलिटी चेक. इस वीडियो पर करणवीर के फैन्स लगातार कमेंट कर रहे हैं. हालांकि कुछ लोग उन्हें स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट तो बता रहे हैं, लेकिन सलमान की ओर से रिएलिटी चेक देने को भी सही ठहरा रहे हैं.

**जब फैमिली पर करणवीर ने की बात**

शो के लेटेस्ट एपिसोड के दौरान ईशा सिंह करणवीर मेहता के दो डिवोर्स के बारे में बात करती हुई नज़र आई हैं. उन्होंने ये बातें तब कही जब करणवीर ने अविनाश और ईशा के लिंक अप का हिंट देते हुए कुछ बातें कहीं. कुछ वक्त पहले शो में करणवीर ने श्रुतिका से बात करते हुए कहा था कि वो अपनी फैमिली को साथ नहीं रख पाए थे.करणवीर कहते हैं, मुझे लगता है कि फैमिली को साथ रखने की सलाहियत मुझमें है ही नहीं. ये चीज़ मेरे साथ बाहर भी हो चुकी है. मेरे पास ऐसी ही फैमिली थी, पर मैं उसे संभाल नहीं पाया.

## गिरने के बाद भी नहीं रुके विद्या बालन के कदम, चोट के बावजूद नंगे पैर अटेंड किया पूरा इवेंट



भूल भुलैया 3 की टीम ने 'आमी जे तोमार 3' गाने के लॉन्च से दिवाली के सेलिब्रेशन की ग्रैंड शुरुआत की है. इस गाने में माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की धमाकेदार परफॉर्मेंस ऑडियंस को देखने मिल रही है. गाने के म्यूजिक लॉन्च के खास मौके पर माधुरी दीक्षित और विद्या बालन का एक स्पेशल डांस परफॉर्मेंस प्लान किया गया था और इस प्लानिंग के मुताबिक दोनों ने मुंबई के 'रॉयल ओपेरा हाउस' नाम के ऐतिहासिक थिएटर के मंच पर ये डांस परफॉर्मेंस पेश भी किया, लेकिन इस लाइव परफॉर्मेंस के बीच विद्या बालन गिर गईं. गिरने के बावजूद विद्या ने अपने चेहरे की मुस्कान बरकरार रखी और अपना डांस जारी रखा. लेकिन हम आपको बताते हैं कि आगे क्या हुआ.विद्या ने गिरने के बावजूद फिर एक बार अपने पैरों पर खड़े होते हुए अपना डांस परफॉमेंस पूरा किया. डांस खत्म होते ही कार्तिक आर्यन और माधुरी दीक्षित दोनों ने विद्या को गले लगाते हुए उनकी खूब हौसलाफजाई की. माधुरी दीक्षित ने भी विद्या के इस तरह से गिरने पर अपना मजेदार रिएक्शन देते हुए कहा कि जब विद्या इस तरह से गिरीं तब मैंने उनकी तरफ देखा. अगर वो नहीं उठ पातीं तो मैं भी नीचे गिरने वाली थी और फिर हम दोनों मिलकर 'मार डाला' गाने के स्टेप्स करते. लेकिन विद्या ने बहुत अच्छे से खुद को संभाला.

**दोबारा किया डांस**

विद्या बालन न सिर्फ अपने पैरों पर खड़ी रहीं बल्कि उन्होंने 'वन्स मोर' की पब्लिक डिमांड पर फिर एक बार 'आमी जे तोमार' गाने पर परफॉर्म करते हुए वहां मौजूद ऑडियंस का खूब मनोरंजन भी किया. उनके दूसरे परफॉर्मेंस के बाद जब कार्तिक आर्यन ने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि अब परफेक्ट टेक हो गया है और अब वो इसे फिल्म में शामिल कर सकते हैं, तब कार्तिक की फिल्म 'भूल भुलैया' के निर्देशक अनीस बज्मी ने कहा कि इस परफॉर्मेंस के पहले वाला टेक भी परफेक्ट था और दोनों को फिल्म में शामिल किया जा सकता है.

**चोट के कारण नंगे पैर अटेंड किया इवेंट**

वैसे तो विद्या ने गिरने के बावजूद दो बार डांस परफॉर्मेंस दी. लेकिन जिस तरह से वो बार बार अपना पैर मोड़ रही थीं और एक पैर पर खड़ी रहने की कोशिश कर रही थीं, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता था कि उन्हें खड़े रहने में काफी तकलीफ हो रही है. पैरों में लगी हुई चोट के कारण लगभग 1 घंटे चले इस इवेंट में विद्या ने नंगे पैर ही शामिल होने का फैसला लिया, वो चाहतीं तो इवेंट से जल्दी निकल सकती थीं. लेकिन उन्होंने अपनी कमिटमेंट के चलते नंगे पैर पूरा इवेंट अटेंड किया. इस दौरान पैपराजी को फोटो देने के लिए विद्या ने जब उनकी सैंडल पहनने की कोशिश की तब पैर में हो रहे दर्द के कारण वो उन्हें पहन नहीं पाईं.

# चाहत पांडे

## की मम्मी ने लगाई अविनाश को फटकार, एक्टर की मां ने भी सुनाई खरी खोटी



बिग बॉस 18 में रोजाना नए-नए तमाशे होते हुए नजर आ रहे हैं. हालांकि अगर शो में तमाशे या झगड़े नहीं होंगे, तो लोगों को इसे देखने में मजा भी नहीं आएगा. फिलहाल घर की सत्ता जेल में मौजूद अविनाश मिश्रा और अरफीन के हाथों में हैं. बिग बॉस ने उन्हें घर के राशन का पूरा जिम्मा दे रखा है. साथ ही वही ये फैसला लेंगे कि किसको कितना राशन देना है या नहीं देना है. इसी बीच मेकर्स ने एक नया प्रोमो शेयर किया है.नए प्रोमो में चाहत पांडे और अविनाश मिश्रा की मम्मी को शो पर देखा जा सकता है. बिग बॉस दोनों कंटेस्टेंट्स की माताओं का आमना-सामना करवाते हैं. इसके अलावा चाहत और अविनाश को भी उनसे बात करने का मौका देते हैं. लेकिन चाहत की मम्मी अविनाश को जमकर फटकार लगाती हुई नजर आती हैं. वहीं अविनाश की मम्मी भी चाहत को खूब खरी खोटी सुनाती हुईं नजर आईं. इस दौरान एक बार फिर से अविनाश और चाहत भी आपस में बहस कर बैठे.



**अविनाश और चाहत की मां का आमना-सामना**

प्रोमो में अविनाश की मम्मी कहती हैं, अविनाश ने जो भी कहा बिल्कुल सही कहा, उसने सभी लोगों के बीच में बोला, इसने एक मजाक के तौर पर कहा. इसी बीच तुरंत चाहत की मां कहती हैं, सुनो पंचायत बुलाकर मजाक नहीं किया जाता, पंचायत बुलाकर बेइज्जती की जाती है. इसपर अविनाश की मां कहती हैं कि सिर्फ लड़कियों की इज्जत होती है, लड़कों की कोई इज्जत नहीं होती. ये सुनते ही चाहत तुरंत अपना रिएक्शन देते हुए वाह-वाह कहती हैं.

**चाहत की मम्मी ने अविनाश को लगाई फटकार**

चाहत के ताने को सुनकर अविनाश भी भड़कते हुए कहते हैं कि वो भी उनकी मां की बातें चुपचाप सुन रहे हैं, कोई ताने नहीं मार रहे हैं.

## भारत के खिलाफ शेष वनडे मैचों से बाहर हुई अमेलिया केर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की महिला ऑलराउंडर अमेलिया केर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीरीज के पहले मैच में अपनी बायीं क्वाड्रिसेप की मांसपेशी में चोट लगने के कारण भारत के खिलाफ शेष वनडे मैचों से बाहर हो गई हैं। उस मैच में, अमेलिया को 4-42 के अपने स्पेल के दौरान चोट लगी थी और वह नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी थीं, जहां वह 25 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम 227 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40.4 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई थी न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा कि 24 अक्टूबर को हुए मैच के बाद सुबह अमेलिया को स्कैन के लिए ले जाया गया था। स्कैन में ग्रेड वन क्वाड्रिसेप टियर का पता चला, जिसके ठीक होने में लगभग तीन सप्ताह लगेंगे। हेड कोच बेन सॉयर ने कहा।, हम मेली के लिए वाकई बहुत दुखी हैं। चोट लगना हमेशा ही किसी खिलाड़ी के लिए चुनौतीपूर्ण समय होता है और हम जानते हैं कि वह इन खेलों में नहीं खेल पाने से कितनी निराश है। हर कोई जानता है कि मेली इस टीम का कितना अहम हिस्सा है, इसलिए हम निश्चित रूप से उसे मिस करेंगे, लेकिन हम उसके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। न्यूजीलैंड द्वारा यूएई में 2024 महिला टी20 विश्व कप जीतने के बाद करियर की ऊंचाई हासिल करने के बाद अमेलिया भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में उतरी थीं।

## पंजाब किंग्स ने हैडिन और जोशी को बरकरार रखा; सपोर्ट स्टाफ में शामिल हो सकते हैं होप्स

**नई दिल्ली।** रिकी पोंटिंग ने पंजाब किंग्स में अपने सहयोगी स्टाफ की टीम बनाने में पहला बड़ा कदम उठाया है, जिसमें उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेम्स होप्स को शामिल किया है, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स में अपने कार्यकाल के दौरान उनके साथ काम किया था। होप्स 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन सत्र में एक खिलाड़ी के रूप में फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा भी थे। 46 वर्षीय पोंटिंग के अनुबंध को दिल्ली कैपिटल्स ने नवीनीकृत नहीं किए जाने के बाद विस्तार की पेशकश की थी। हालांकि, होप्स, जिन्होंने 84 वनडे और 12 टी20आई में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया, ने अपने पूर्व कप्तान पोंटिंग के साथ काम करना जारी रखने का फैसला किया, जिन्होंने फ्रैंचाइज़ी के साथ चार साल का अनुबंध किया है। होप्स के हस्ताक्षर से दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज चार्ल लैंगवेल्ट के बाहर होने का संकेत मिलता है, जिन्होंने 2023 और 2024 सीज़न के लिए ट्रेवर बेलिस के तहत टीम के तेज़-गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीकी ने 2020 सीज़न के दौरान फ्रैंचाइज़ी के लिए गेंदबाजी कोच की भूमिका भी निभाई थी।

## दक्षिण अफ्रीका टेस्ट के बाद बांग्लादेश की कप्तानी छोड़ सकते हैं नजमुल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सभी प्रारूपों के कप्तान नजमुल हुसैन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद कप्तानी करने की संभावना नहीं है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फरवरी 2024 में नजमुल को एक साल के लिए सभी प्रारूपों का कप्तान नियुक्त किया था और उम्मीद थी कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की अगुआई करेंगे। हालांकि, नजमुल ने बोर्ड को अपने पद से इस्तीफा देने की सूचना दे दी है और अब बोर्ड अध्यक्ष फारूक अहमद की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं, जो फिलहाल विदेश में हैं और जल्द ही उनके आने की उम्मीद है। क्रिकबज के अनुसार, बीसीबी के एक शीर्ष अधिकारी ने से इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हां, उन्होंने हमें बताया कि वह दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के बाद टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार नहीं हैं। बीसीबी के एक शीर्ष निदेशक उन्हें अपना फैसला बदलने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो इस समय संभव नहीं लगता। पता चला है कि 2024 टी20 विश्व कप के बाद नजमुल ने टी20 कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपना मन बदल लिया और तीनों प्रारूपों से इस्तीफा देना चाहते थे। पिछले कुछ समय से नजमुल की कप्तानी लंबे समय से खराब फॉर्म में चल रही है, जिसके बाद कई लोगों ने उनकी आलोचना की है।

## छात्राओं ने कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाया दम

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू)में अंतर संकाय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में छात्राओं ने पूरे दमखम के साथ भागीदारी की। प्रतियोगिता में पहला मैच सामाजिक विज्ञान संकाय और कृषि विज्ञान संस्थान के बीच खेला गया। जिसमें सामाजिक विज्ञान संस्थान ने जीत हासिल की। दूसरा मैच महिला महाविद्यालय और बसंत महिला महाविद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने जीत हासिल की। वहीं, तीसरा मैच सामाजिक विज्ञान संकाय और कला संकाय के बीच खेला गया। जिसमें कला संकाय विजेता बना। चौथा मैच महिला महाविद्यालय और आर्य महिला स्नातकोत्तर विद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें आर्य महिला पीजी कालेज विजेता बना। इसके पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त कुलसचिव (वित्त) डॉ संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि सहायक कुलसचिव अभिषेक सेठ ने किया। आयोजन सचिव डॉक्टर खुर्शीद अहमद ने खिलाड़ियों से परिचय कराया। मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार ने प्रतिभागियों को मैच की सफलता की शुभकामनाएं दी। उन्होंने खेल को खेल की भावना से खेलने का मंत्र दिया और खेल को व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कुंजी बताया।

# नोमान, साजिद की फिरकी पर नाचे अंग्रेज,टेस्ट सीरीज 2-1 से पाक के नाम

एजेंसी
**रावलपिंडी।** नोमान अली और साजिद खान की स्पिन जोड़ी की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

पाकिस्तान की इस स्पिन जोड़ी ने मुल्तान में भी शानदार प्रदर्शन किया था जिसे रावलपिंडी में भी जारी रखा गया। फरवरी 2021 के बाद पाकिस्तान की यह पहली घरेलू श्रृंखला जीत है। नवंबर 2015 के बाद इंग्लैंड पहली बार पाकिस्तान से टेस्ट श्रृखंला हारा है। पहले टेस्ट में पारी और 47 रन की बड़ी हार के बाद मेजबान टीम को लगातार दूसरी बार जीत हासिल हुई है, जिससे पाकिस्तान आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 तालिका में एक स्थान ऊपर उठ कर सातवें स्थान पर पहुंच गया है जबकि इंग्लैंड के ठीक नीचे छठे नंबर पर है। साजिद खान ने 128 रन देकर छह विकेट चटकाये जबकि नोमान अली ने तीन विकेट 88 रन देकर झटके।




टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड पहली पारी में केवल 267 रन ही बना सका। निचले क्रम में जेमी स्मिथ (89) और गस एटकिंसन (39) की अर्धशतकीय साझेदारी के अलावा मेहमान टीम के किसी और खिलाड़ी में रन की भूख दिखायी नहीं दी। जवाब में, पाकिस्तान के सऊद शकील (134) के शानदार शतक से मेजबान टीम को पहली पारी में 77 रनों की आसान बढ़त मिल गई।

इसके बाद नोमान और साजिद ने मिलकर इंग्लैंड की दूसरी पारी को पटरी से उतार दिया। कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका जिसके चलते दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड तीन विकेट खो चुका था। अगली सुबह वह केवल 88 रन और जोड़ सके और इंग्लैंड 112 रन पर आउट हो गया, जो टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ उसका दूसरा सबसे कम स्कोर है, मेजबान स्पिनरों ने एक बार फिर पिछले मैच की तरह सभी 20 विकेट लिए। पिछले दो टेस्ट मैचों में इन दोनों ने 40 में से 39 विकेट लिए हैं।

यह भी पहली बार था जब पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने किसी टेस्ट में एक भी गेंद नहीं फेंकी।

**संक्षिप्त स्कोर:**
इंग्लैंड- 267 (68.2) 112 (37.2)
**पाकिस्तान:** 344 (96.4) 37/1 (3.1)

## पढ़ाई, ट्रेनिंग के साथ खेल प्रतियोगिताओं में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए : निदेशक



एजेंसी
**मुरादाबाद।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर उप्र पुलिस अकादमी के घुड़सवारी मैदान पर आयोजित 26वीं उप्र पुलिस वार्षिक अश्वारोहण प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अकादमी के निदेशक व अपर पुलिस महानिदेशक राजीव सभरवाल द्वारा किया गया। शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जोनों से आयी टीम क्रमशः आगरा, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, मेरठ, बरेली, प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद के टीमों के खिलाड़ियों ने अपने हुनर का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न जोनों के 48 घोड़े व घुडसवार भाग ले रहे हैं। निदेशक ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में प्रतिभाग करना बड़ी होती है। कोई भी खिलाड़ी जब श्रेष्ठ प्रदर्शन करता है तो उसके संस्थान, उसके परिवार, उसके शहर, उसके देश व उसके गुरुजनों का नाम रोशन करता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई, ट्रेनिंग के साथ खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग अवश्य करना चाहिए।

## यूपी के गेंदबाजों ने दिखाया दम,पंजाब की पहली पारी 210 रन पर सिमटी

एजेंसी
**मुल्लांपुर।** शिवम मावी (29 रन पर चार विकेट) के अलावा सौरभ कुमार और शिवम शर्मा की अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन मेजबान पंजाब को पहली पारी में 210 रन पर सीमित कर दिया।

महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय उत्तर प्रदेश ने बगैर नुकसान के आठ रन बना लिये थे। माधव कौशिक (7) और आर्यन जुयाल एक रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। इससे पहले टॉस जीतकर उत्तर प्रदेश ने मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। गेंदबाजों ने कप्तान आर्यन जुयाल के फैसले को सही ठहराते हुये पंजाब की सलामी जोड़ी को मात्र दस रनों में पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि अनमोलप्रीत सिंह (38) और पुखराज मान (61) ने बीच के ओवरों में धैर्यता दिखाते हुये स्कोरबार्ड को आगे बढ़ाया। अनमोल हालांकि दूसरे छोर पर लगातार विकेटों के पतन से उनकी पंजाब को




सौरभ कुमार के शिकार बने जबकि अनमोल का विकेट सौरभ के खाते में गया। मध्यक्रम के सनवीर सिंह (50) पंजाब की ओर से अर्धशतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने 300 के ऊपर ले जाने की हसरत पूरी नहीं हुयी। सौरभ और शिवम शर्मा को दो दो विकेट मिले जबकि नीतिश राणा ने अपने शार्ट स्पेल में सनवीर को आउट किया।

## टेनिस- एलेक्स डी मिनौर वियना ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी
**विएना।** एलेक्स डी मिनौर ने जैकब मेनसिक को 6-7(2), 6-3, 6-4 से हराकर विएना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदें बरकरार रहीं। 25 वर्षीय खिलाड़ी, जो वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में नौवें स्थान पर है, ने कड़ी मेहनत की और दो घंटे 34 मिनट में जीत दर्ज की।

मेनसिक ने सबसे पहले गियर बदला, शुरुआती सेट टाई-ब्रेक में चला गया। उन्होंने आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक का इस्तेमाल किया और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से गलतियाँ करवाकर पहला सेट 7-6(2) से अपने नाम किया। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने पहले सेट में 24 विनर्स लगाए, जिसमें नौ ऐस शामिल थे। डी मिनौर ने दूसरे सेट के छठे गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक अर्जित करके जवाब दिया और सेट को 6-3 से जीतकर मैच को बराबर कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने तीसरे सेट के पांचवें गेम में मेनसिक की फिर से



सर्विस तोड़ी और मैच के बाकी समय तक नियंत्रण में रहे। हार के बावजूद, मेनसिक दिसंबर में होने वाले नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की राह पर हैं। 19 वर्षीय खिलाड़ी एटीपी लाइव रेस टू जेद्दा में तीसरे स्थान पर है। दूसरी तरफ, खाचानोव ने मैटेओ बेरेटिनी को 6-1, 6-4 से हराया और अपनी जीत का सिलसिला सात मैचों तक बढ़ाया। पिछले सप्ताह अल्माटी ओपन जीतने वाले 28 वर्षीय खिलाड़ी ने वियना में एटीपी 500 टूर्नामेंट में अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इतालवी खिलाड़ी को एक घंटे और 18 मिनट में हराया। इस जीत के साथ, खाचानोव ने जोड़ी की एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज़ में अपनी पहली जीत दर्ज की, जिसमें बेरेटिनी 4-1 से आगे हैं।

## गोरखपुर में बनेगा विश्वस्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर : योगी

एजेंसी
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामगढ़ताल के समीप विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनाने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) को वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जगह उपलब्ध कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की सभी बड़ी झीलों में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

रामगढ़ताल में आयोजित 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन समारोह में खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रोइंग के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। जरूरत है प्रतिभाओं को तराशने की। हमारे रोइंग खिलाड़ी ओलंपिक और अन्य वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग कर मेडल जीत सकते हैं। रोइंग में प्रतिभाओं को तराशने के लिए



सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुरोध पर रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर खोलने के लिए रामगढ़ताल के पास बने वर्ल्ड क्लास वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्पेस देगी। साथ ही सेंटर को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रदेश सरकार हर प्रकार का सहयोग देगी।योगी ने कहा कि यूपी में कई प्राकृतिक झीलें हैं, वहां भी रोइंग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। एशियन गेम्स और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अन्य रोइंग स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों लक्ष्मण अवार्डी और देवरिया के युवा कल्याण अधिकारी पुनीत बालियान, लक्ष्मण अवॉर्डी कुदरत अली, बुलंदशहर निवासी अरविंद सिंह, सुल्तानपुर निवासी मोहम्मद आजाद, हापुड़ निवासी लोकेश कुमार और संतकबीरनगर निवासी राजेश कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि रोइंग के इन खिलाड़ियों ने प्रदेश का मान देश और दुनिया में बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के साथ अब शानदार करियर बनाने का भी सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने खेल नीति बनाकर ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स जैसी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं में सीधी नौकरी देने का शासनादेश जारी कर रखा है। टोक्यो ओलंपिक में पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ी ललित उपाध्याय को यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी की नौकरी दी गई है। इस बार के ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी राजकुमार पाल को भी नौकरी देने की घोषणा की आज चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं से जोड़ा जा चुका है।

## महिला क्रिकेट : केरल ने हरियाणा को हराया, रेलवे ने चंडीगढ़ को दी मात

एजेंसी
**लखनऊ।** सीनियर वोमेंस टी-20 ट्राफी के लीग मैच में रेलवे ने चंडीगढ़ को 58 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में रेलवे की बल्लेबाज इंद्रानी राव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाये। वहीं दूसरे मैच में केरल ने हरियाणा को 20 रन से मात देकर बढ़त बना ली। केरल की बल्लेबाज अक्षय ने शानदार 60 रन बनाईं। निर्धारित 20 ओवर के मैच में केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन बनाये। शुरुआत बहुत खराब रही, सलामी बल्लेबाज शानी पहली ही बाल पर आउट हो गयीं। वहीं दृश्य मात्र छह रन बनाकर आउट हो गयीं। अक्षय ने संभल कर खेलना शुरू किया और 66 बाल पर 60 रन बनाईं, जबकि अनन्या ने 24 रन का योगदान दिया। वहीं हरियाणा की टीम ने 105 रन बनाकर ही आउट हो गयी और केरल ने 20 रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में भावना ने सबसे अधिक 30 रन बनाये। वहीं दूसरे मैच



में रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज नुजहत परवीन ने 29 रन का योगदान दिया। वहीं इंद्राणी 49 रन बनाईं। मोना ने 36 रन का योगदान दिया। वहीं चंडीगढ़ की टीम पांच विकेट गवांकर निर्धारित 20 ओवर में मात्र 95 रन ही बना सकी और रेलवे ने इस मैच को 58 रन से जीत लिया।

# सेंटनर की फिरकी में उलझे भारत ने मैच के साथ सीरीज भी गंवाई

एजेंसी
**पुणे।** मिचेल सेंटनर (104 पर छह विकेट) की घातक गेंदबाजी के चलते न्यूजीलैंड ने भारत को दूसरे टेस्ट मैच में 113 रनों से हरा कर तीन टेस्ट मैचों की श्रृखंला में निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है।

क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका है जब कीवी टीम ने भारत के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया है। न्यूजीलैंड की इस जीत के नायक मिचेल सेंटनर रहे जिन्होने भारत की पहली पारी में सात और दूसरी पारी में छह विकेट चटका कर अपनी टीम को ऐतिहासिक उपलब्धि दिलायी। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की पिच पर सेंटनर भारतीयों के लिये काल बन कर उभरे। पहली पारी में सात विकेट चटका कर अपनी टीम को 103 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाने वाले सेंटनर का खौफ भारतीयों पर सिर चढ़ कर बोला।




न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बना कर भारत को जीत के लिये 359 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में भारत की पूरी टीम 245 रन बना कर आउट हो गयी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाये थे जिसके जवाब में भारत की पहली पारी 156 रन पर सिमट गयी थी। न्यूज़ीलैंड के पांच विकेट चटकाने के बाद भारत पहले सत्र में एक विकेट के नुक़सान पर 81 रन बना चुका था और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भारत इस मैच में जीत दर्ज करने की ओर बढ़ सकता है। भारत को सिर्फ़ एक अच्छे सत्र की ज़रूरत थी लेकिन दूसरे सत्र में पूरा मैच न्यूज़ीलैंड के पक्ष में झुक गया। न्यूज़ीलैंड ने बेंगलुरु में जीत हासिल कर 36 वर्षों बाद टेस्ट में जीत हासिल की थी और अब पहली सीरीज़ जीत भी उनके नाम है। न्यूज़ीलैंड की इन दो जीत में केन विलियमसन भी टीम का हिस्सा नहीं थे, श्रीलंका में यह टीम हारकर आई थी। साउदी ने कप्तानी से इस्तीफ़ा दे दिया था लेकिन टॉम लेथम ने बढ़िया कप्तानी की। पहले मैच में कीवी तेज़ गेंदबाज़ों ने बागडोर संभाली जबकि दूसरे मैच में सैंटनर ने अगुवाई की। बल्लेबाज़ी में कॉन्वे और रचिन रवींद्र के साथ कप्तान टॉम लेथम ने भी योगदान दिया और न्यूज़ीलैंड ने टेस्ट क्रिकेट की सबसे मुश्किल सीरीज़ में से एक सीरीज़ अपने नाम कर ली।

# यशस्वी जयसवाल एक हजार रन के विशिष्ट क्लब में शामिल

एजेंसी
**पुणे।** यशस्वी जयसवाल एक कैलेंडर वर्ष के भीतर घरेलू टेस्ट मैचों में एक हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले नये बल्लेबाज बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में यशस्वी ने यह उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही युवा भारतीय बल्लेबाज ने क्रिकेट के कुछ महान खिलाड़ियों के क्लब में अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। जायसवाल ने 2024 के लिए घरेलू टेस्ट में कुल एक हजार रन बनाए हैं।

इससे पहले एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू टेस्ट में एक हजार से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की विशिष्ट सूची में गुंडप्पा विश्वनाथ,सुनील गावस्कर जैसे दिग्गज शामिल हैं। गुंडप्पा विश्वनाथ ने 1979 में भारत के लिए 1,047 रन बनाकर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला



था। उसी वर्ष, सुनील गावस्कर ने भी 1,013 रन बनाकर एक अमिट छाप छोड़ भारतीय क्रिकेट में अपनी विरासत को स्थापित किया था। इंग्लैंड के ग्राहम गूच के लिए 1990 का वर्ष असाधारण रहा, उन्होंने घरेलू टेस्ट मैचों में उल्लेखनीय 1,058 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर ने 2004 में 1,012 रन बनाकर अपनी निरंतरता का प्रदर्शन किया। इस बीच, मोहम्मद यूसुफ ने 2006 में पाकिस्तान के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 1,126 रन के असाधारण स्कोर तक पहुँचे। माइकल क्लार्क ने 2012 में असाधारण प्रदर्शन करते हुये वर्ष का समापन शानदार 1,407 रनों के साथ किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई। जयसवाल की उपलब्धि न केवल उनकी असाधारण प्रतिभा को उजागर करती है बल्कि भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाती है। 22 वर्षीय बाएं हाथ का बल्लेबाज़ पूरे साल शानदार फॉर्म में रहा है, जिसमें उसने आक्रामकता और तकनीक का मिश्रण दिखाया है, जिससे उसे प्रशंसकों और आलोचकों से समान रूप से प्रशंसा मिली है। मील के पत्थर तक पहुंचने के उनके यात्रा उल्लेखनीय प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के साथ शुरू हुई।

## एफआईए ने नॉरिस पेनल्टी की समीक्षा करने की मैकलारेन की अपील को खारिज किया

**मेक्सिको सिटी।** फॉर्मूला 1 की शासी संस्था ने यूनाइटेड स्टेट्स ग्रैंड प्रिक्स के दौरान लैंडो नॉरिस को दिए गए दंड की समीक्षा करने के मैकलारेन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। खिताब के प्रतिद्वंद्वी मैक्स वेरस्टैपेन को ट्रैक से बाहर करने के लिए जारी की गई पांच सेकंड की पेनल्टी ने नॉरिस को अंतिम रेस स्टैंडिंग में तीसरे से चौथे स्थान पर खिसका दिया। मेक्सिको सिटी ग्रैंड प्रिक्स सप्ताहांत से पहले पुष्टि की गई कि वॉकिंग संगठन ने पिछले बार ऑस्टिन में तीसरे स्थान के लिए संघर्ष करते समय ट्रैक से बाहर वेरस्टैपेन को ओवरटेक करने के लिए नॉरिस को मिली पांच सेकंड की पेनल्टी के लिए अनुरोध किया था।

इसके बाद श एक सुनवाई हुई, जिसमें टीम के प्रतिनिधि को स्टीवर्ड के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लेना आवश्यक था।अनुरोध की पुष्टि करते हुए एफआईए द्वारा जारी किए गए एक दस्तावेज़ में, यह कहा गया था कि सुनवाई यह निर्धारित करेगी कि क्या कोई महत्वपूर्ण और प्रासंगिक नया तत्व था जो संबंधित निर्णय के समय समीक्षा चाहने वाले पक्ष के लिए उपलब्ध नहीं था, यदि ऐसा पाया गया, तो दूसरी सुनवाई होगी। हालाँकि, यह घोषणा की गई है कि स्टीवर्ड ने अनुरोध को खारिज कर दिया है। मामले के परिणाम की व्याख्या करने वाले एक दस्तावेज़ में, यह कहा गया है कि मैकलारेन ने तर्क दिया



कि मूल निर्णय दस्तावेज़ पर एक कथन गलत था, जो यह था कि कार 4 बाहर से कार 1 को ओवरटेक कर रही थी, लेकिन शीर्ष पर कार 1 के बराबर नहीं थी। टीम ने सुझाव दिया कि यह एक त्रुटि थी क्योंकि उनके पास सबूत थे कि नॉरिस पहले ही ओवरटेक कर चुका था और ब्रेकिंग ज़ोन पर वेरस्टैपेन से आगे था। जोनाथन व्हीटली द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए रेड बुल ने अपना विश्वास व्यक्त किया कि इस मामले में समीक्षा के अधिकार के लिए एक सफल याचिका के मानदंड पूरे नहीं हुए थे। दस्तावेज़ में आगे कहा गया है- प्रासंगिकता के संबंध में, मैकलारेन यह प्रस्तुत करता प्रतीत होता है कि स्टीवर्ड का निष्कर्ष है कि कार 4 ने शीर्ष से पहले कार 1 को ओवरटेक किया था (और इसलिए कार 1 ओवरटेक करने वाली कार थी) और यह दावा किया गया त्रुटि अपने आप में एक नया तत्व है। यह अस्थिर है। समीक्षा के लिए याचिका किसी निर्णय में त्रुटि (तथ्य या कानून की) को ठीक करने के लिए की जाती है। किसी भी नए तत्व को उस त्रुटि को प्रदर्शित करना चाहिए। जिस त्रुटि का अस्तित्व सिद्ध किया जाना आवश्यक है, वह स्वयं अनुच्छेद 14 में उल्लिखित तत्व नहीं हो सकती। इस मामले में, यह अवधारणा कि लिखित निर्णय महत्वपूर्ण और प्रासंगिक नया तत्व था, या निर्णय में त्रुटि एक नया तत्व थी, टिकाऊ नहीं है और इसलिए इसे अस्वीकार कर दिया जाता है।

## बिलासपुर ने जीता हिमाचल यूनिवर्सिटी अंतर राजकीय कबड्डी टूर्नामेंट

एजेंसी
**धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर प्रथम, भोरंज और मंडी रहे दूसरे व तीसरे स्थान पर किसी भी प्रकार के नशों या असामाजिक गतिविधियों से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि युवा अपने आप को किसी न किसी कार्य में व्यस्त रखें और स्वयं को स्वस्थ व व्यस्त रखने के लिए खेलों से बेहतर कोई विकल्प नहीं हो सकता। स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुशील रतन राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी में आयोजित चार दिवसीय हिमाचल यूनिवर्सिटी अंतर राजकीय कबड्डी टूर्नामेंट के समापन में शनिवार को बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने यह बात कही। 'खुद भी जागो औरों को भी जगाएं, नशा मुक्त अभियान चलाएं' थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता के समापन में बतौर शिरकत करते हुए उपायुक्त ने विजेता टीमों को पुरस्कारों से नवाजा। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर प्रथम, राजकीय महाविद्यालय भोरंज द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय मंडी तीसरे स्थान पर रहे। प्रदेश के 65 महाविद्यालयों के 780 प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

## शक्कर में डिमांड, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहन नरम, दालें मजबूत, चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में डिमांड रही। खाद्य तेलों में गिरावट हुई। आज मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल सस्ता बिका। तिलहन रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली से बने रहे। दलहन मिलगत के साथ दाल मिलों की लिवाली सुस्ती से नरम रहे। दाल में मांग से मजबूती दर्ज की गई। चावल में कामकाज मजबूती लिए रहा।

**किराना बाजार:** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव बने बताए गए। आज शक्कर में तीन गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ महंगा बिका। साबूदाना में कामकाज बना रहा। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया।

**तेल-तिलहन:** खाद्य तेलों में लिवाली सुस्त रहने से गिरावट दर्ज की गई। आज मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड के साथ पाम तेल सस्ता होकर बिका। तिलहन में सोयाबीन में खरीदी बढ़ी रही।

**दाल-दलहन:** संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज नरमी लिए रहा। आज चना कांटा में मांग बढ़ी बताई गई। इससे भाव ऊंचे हुए। दालों में मजबूती रही।

## पेट्रोल और डीजल कीमतों में बदलाव नहीं




**नयी दिल्ली ।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.14 प्रतिशत की तेजी लेकर 71.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.20 प्रतिशत उतरकर 75.90 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## सीतारमण ने की जर्मन वित्त मंत्री के साथ चर्चा



**वाशिंगटन ।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोर्ष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक के मौके पर जर्मनी के वित्त मंत्री क्रिस्टीयन लींडर से मुलाकात की। इस दौरान श्री लींडर ने श्रीमती सीतारमण को मोदी सरकार के दोबारा वित्त मंत्री बनाने पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने वित्तीय प्रबंधन, फिनटेक, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और प्रबंधन के संबंध में वैश्विक निवेशकों के लिए भारत में निवेश करने के प्रवेश द्वार के रूप में आईएफएससी और गिफ्टी सिटी में अवसरों पर चर्चा की। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि चूंकि बड़ी संख्या में भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए जर्मन विश्वविद्यालयों में अध्ययन करते हैं, इसलिए जर्मन विश्वविद्यालय गिफ्ट सिटी में अंतर्राष्ट्रीय शाखा परिसर स्थापित करने पर विचार कर सकते हैं, जैसे अन्य अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय इस केंद्र में स्थापित कर रहे हैं।

## एसीएमए मोबिलिटी फाउंडेशन का फ्रौनहोफर इंस्टीट्यूट्स के साथ समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) के एसीएमए मोबिलिटी फाउंडेशन ने आज भारत के ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी ) सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जर्मनी के फ्रौनहोफर-गेसेलशाफ्ट के साथ एक समझौता किया।राजधानी में आयोजित 18वें एशिया-पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस की पृष्ठभूमि में हस्ताक्षरित इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य भारतीय ऑटो कंपोनेंट उद्योग को उद्योग-संचालित अनुसंधान एवं नवाचार के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना है, क्योंकि यह कार्बन तटस्थता, परिपत्रता, सुरक्षा और पर्यावरण की चुनौतियों का समाधान करने में गतिशीलता उद्योग का समर्थन करने के लिए बदल रहा है। इस सहयोग के माध्यम से फाउंडेशन और फ्राउनहोफर प्रौद्योगिकी, स्थिरता और उत्पाद नवाचार में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे, जिससे भारतीय ऑटोमोटिव पारिस्थितिकी तंत्र की वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता में योगदान मिलेगा।

# निजी क्षेत्र को भारत में व्यापार से रोकने वाली कोई बाधा नहीं : सीतारमण

एजेंसी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि निजी क्षेत्र को भारत में व्यापार करने से रोकने वाली कोई बाधा नहीं है। कई गैर-भारतीय निजी बीमा कंपनियां पहले भारत में काम कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वाशिंगटन, डीसी में सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) के अध्यक्ष और सीईओ जॉन जे. हेमरे के साथ फायरसाइड चैट के दौरान यह बात कही। अपनी टिप्पणी में सीतारमण ने याद दिलाया कि भारत सरकार ने 2021 के बजट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि ऐसे चार क्षेत्र हैं, जहां सरकार मौजूद रहेगी। हालांकि, इसमें किसी ऐसे क्षेत्र का उल्लेख नहीं किया गया, जहां निजी क्षेत्र शामिल नहीं हो सकता। ग्रामीण विद्युतीकरण में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए सीतारमण ने कहा कि भारत के हर गांव में अब बिजली की सुविधा है।




2014 में भारत के कई गांवों में जिनमें राज्य की राजधानियों के पास के गांव भी शामिल हैं, बिजली के लिए बुनियादी ढांचे का अभाव था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आज भारत का कोई भी गांव बिजली से वंचित है। इसलिए अगर मुझे 2014 की स्थिति याद है, तो भारत के कई हिस्सों में कई ऐसे गांव थे, कुछ तो राज्य की राजधानी, प्रांतीय मुख्यालय के बहुत करीब थे, जहां बिजली के तार लगाने के लिए खंभा तक नहीं था। लेकिन, अब यह सब दूर हो गया है। घरों में बिजली आ गई है। चैट के दौरान सीतारमण ने कहा कि नगर पालिकाओं और शहरी केंद्रों को राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह से सशक्त बनाया गया है। उनके पास चुने हुए प्रतिनिधि हैं, जो तय करते हैं कि उनकी प्राथमिकताओं को कैसे पूरा किया जाना चाहिए। वित्?त मंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे केंद्र सरकार का फंड राज्यों को दिया जाता है, वैसे ही नगर पालिकाओं और शहरी निकायों को भी फंड दिया जाता है। यह भारत की संवैधानिक व्यवस्था का हिस्सा है और राजस्व वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार हस्तांतरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों और नगर पालिकाओं को केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किए गए करों का एक हिस्सा मिलता है ताकि वे यह जानकर योजना बना सकें कि उनकी आकांक्षाओं और विकासात्मक जरूरतों के लिए बजट के माध्यम से क्या आता है। इसके अलावा आज हम बाजार से संसाधन जुटाने की उनकी क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं।

## आईसीआईसीआई बैंक का एकल शुद्ध लाभ 14.5 प्रतिशत बढ़ा




एजेंसी

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 11746 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 10261 करोड़ रुपये की तुलना में 14.5 प्रतिशत अधिक है।

बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि जुलाई सितंबर 2024 की इस दूसरी तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 20048 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की 18308 करोड़ रुपये की तुलना में 9.5 प्रतिशत अधिक है।

बैंक ने कहा कि इस तिमाही में उसका सकल एनपीए 1.97 प्रतिशत रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 2.48 प्रतिशत रहा था। इसी तरह से शुद्ध एनपीए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 0.42 प्रतिशत रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 0.43 प्रतिशत रहा था।

## जियो का दिवाली-धमाका, 699 रुपये में मिलेगा 'जियोभारत' 4जी फोन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने इस दीपावली, जियोभारत 4जी फोन की कीमतों में 30 फीसदी की भारी भरकम कटौती कर दी है। सीमित अवधि के इस ऑफर में, 999 रुपये का जियोभारत मोबाइल फोन अब 699 रुपये की विशेष कीमत पर मार्केट में उपलब्ध है। जियोभारत फोन को 123 रुपये में रिचार्ज कराया जा सकता है। इस मासिक टैरिफ प्लान में अनलिमिटेड फ्री वॉयस कॉल, 14 जीबी डेटा भी साथ मिलेगा।

123 रु वाला जियो का मासिक रिचार्ज प्लान दूसरे ऑपरेटर्स की तुलना में 40 प्रतिशत सस्ता पड़ता है। क्योंकि अन्य नेटवर्कस, फीचर फोन के मासिक रिचार्ज के लिए कम से कम 199 रुपये वसूल करते हैं। यह जियो के मुकाबले 76 रुपये अधिक मंहगा है। इसका मतलब है कि यदि ग्राहक हर रिचार्ज पर 76 रु प्रतिमाह बचाता है तो पूरे फोन की कीमत 9 महीनों में ही पूरी हो जाएगी। एक तरह से 9 महानों के रिचार्ज के बाद जियोभारत फोन ग्राहक को फ्री का पड़ेगा।

यह सिर्फ़ एक फ़ोन नहीं है, यह 2जी से 4जी पर शिफ्ट करने का एक मौका है। 455 से अधिक लाइव टीवी चैनल, मूवी प्रीमियर और नई फिल्में, वीडियो शो, लाइव स्पोर्ट्स प्रोग्राम, जियोसिनेमा के हाइलाइट्स,




डिजिटल भुगतान, त्त्क्र कोड स्कैन जैसी सुविधाएं जियोभारत 4जी फोन में उपलब्ध हैं। जियोपे और जियोचैट जैसे प्रीलोडेड ऐप भी इस फोन में मिलेंगे। फोन को नजदीकी स्टोर्स के अलावा, जियोमार्ट या एमेज़न से भी खरीदा जा सकता है।

## विज एक्सपो सम्मेलन 2024 मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शुरू, प्रतिष्ठित उद्यमी और निवेशक ले रहे भाग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फैवफेयर्स के दो दिवसीय विज एक्सपो और सम्मेलन की मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शनिवार को शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ महाराष्ट्र सरकार में पूर्व मंत्री सुभाष देसाई, श्रीलंका के वाणिज्य दूतावास की महावाणिज्यदूत शिरानी अरियारथने ने किया।

इसमें उद्योग जगत से जुड़े देश के प्रतिष्ठित उद्यमी व निवेशक भाग ले रहे हैं। पहले दिन 'स्टार्टअप और बदलती अर्थव्यवस्था में फंड मैनेजमेंट' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें देवांश लखानी, अनुराधा चौधरी व अर्जुन रस्तौगी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भारत-श्रीलंका के द्विपक्षीय संबंधों और व्यापार पर चर्चा में श्रीलंका के वाणिज्य दूतावास की महावाणिज्यदूत शिरानी अरियारथने ने भाग लिया। कार्यक्रम में निवेशकों व उद्योग जगत से जुड़े लोगों के विचार



जानने के लिए एक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें व्यापार व उद्योग जगत से जुड़े व्यक्तियों ने उद्यम से संबंधित विचारों को रखा। अभिनेत्री सोनाली बिंद्रे ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने व नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाली कंपनियों को पुरस्कार प्रदान किया। एक्सपो में 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे जहां लोगों ने स्टार्टअप के बारे में विभिन्न नवोन्मेषों को जाना। एक्सपो का आज समापन होगा। इस कार्यक्रम में अमर उजाला मीडिया सहयोगी है।

## सरकार ने कॉरपोरेट आयकर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तक बढ़ाई




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट्स द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को 15 दिन बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जारी एक परिपत्र में कहा कि 31 अक्टूबर की समय-सीमा बढ़ाई जाएगी। सीबीडीटी के मुताबिक आकलन वर्ष 2024-25 (चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कॉर्पोरेट्स के आयकर रिटर्न दाखिल करने) के लिए नई समय-सीमा अब 15 नंवबर, 2024 है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सितंबर में सीबीडीटी ने आयकर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम समय-सीमा को सात दिन बढ़ाकर 7 अक्टूबर कर दी थी।

# सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, सस्ती हुई चांदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में एक दिन की गिरावट के बाद आज एक बार फिर सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज 4 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है, जिसके कारण ये चमकली धातु 1 लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गई है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,740 रुपये से लेकर 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,110 रुपये से लेकर 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,740 रुपये



प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है जबकि 22 कैरेट सोना 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## देश की सबसे बड़ी एयरलाइन आमदनी बढ़ने के बावजूद घाटे में

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए। दो साल बाद आमदनी बढ़ने के बावजूद एयरलाइन एक बार फिर घाटे में है। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 986.7 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। कपनी के अनुसार विमानों के खड़े होने और ईंधन की ऊंची लागत से उसके मुनाफे पर असर पड़ा। चालू वित्त वर्ष की

संरक्षक: संजय शुक्ला, ( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:

उपसंपादक: राकेश द्विवेदी

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारूकी ,

सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# क्रिप्टोकरेंसी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए बहुत बड़ा जोखिम : आरबीआई गवर्नर

एजेंसी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ अंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शांतिकांत दास ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक स्थिरता के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। शक्तिकांत दास ने जोर देकर कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है।

आरबीआई ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि शक्तिकांत दास ने वाशिंगटन डीसी के पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में आयोजित मैक्रो वीक 2024 कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में इस राय का हूं कि ये ऐसी चीज है जिसे फाइनेंशियल सिस्टम पर हावी होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भी जोखिम पैदा करता है। यह ऐसी




स्थिति भी पैदा कर सकता है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति से नियंत्रण खो सकता है। उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझ होनी चाहिए, क्योंकि लेनदेन क्रॉस-कंट्री है। इससे जुड़े बड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह से सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत क्रिप्टोकरेंसी के बारे में सवाल उठाने वाला पहला देश था। दास ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 में इस पूरे क्रिप्टो

**शक्तिकांत दास ने जोर देकर कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है।**

इकोसिस्टम से निपटने के संबंध में अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करने पर समझौता हुआ था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कुछ प्रगति हुई है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के सालाना बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिका के आधिकारिक दौर पर हैं।

## ईएसआई योजना के तहत अगस्त में 20.74 लाख नए कर्मचारी हुए पंजीकृत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की ईएसआई योजना के तहत अगस्त में 20.74 लाख नए कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है।

योजना के तहत नए पंजीकरण में 25 वर्ष की आयु वर्ग के करीब 9.89 लाख युवा कर्मचारी शामिल हैं, जबकि 4.14 लाख महिला कर्मचारी पंजीकृत की गई हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि अगस्त में ईएसआई योजना के तहत 20.74 लाख नए कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है। वहीं, इस योजना के तहत 28,917 नए प्रतिष्ठानों का पंजीकरण किया गया है। मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार नए पंजीकरण में 25 वर्ष तक की आयु के करीब 9.89 लाख युवा कर्मचारी शामिल हैं। इस दौरान ईएसआई योजना में 4.14 लाख महिला कर्मचारी पंजीकृत की गईं।

मंत्रालय ने कहा कि ईएसआईसी




के अनंतिम पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त माह में 20.74 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं, जिससे ज्यादा श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इसके अलावा अगस्त माह के दौरान शुद्ध पंजीकरण सालाना आधार पर 6.80 फीसदी बढ़ा है। इस अवधि में कुल 60 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है।केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी बयान में कहा है कि पेरोल आंकड़े अनंतिम है, क्योंकि आंकड़ों का संग्रह लगातार जारी रहता है।

# फिट इंडिया बना जन आंदोलन: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**पानीपत**

**हरियाणा के** युवाओं ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा एवं कौशल की धाक जमाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी युवा शक्ति की अक्सर सराहना करते हैं। स्वस्थ शरीर मनुष्य जीवन की उत्तम कुंजी है। कहा भी गया है कि पहला सुख निरोगी काया। स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं और स्वस्थ समाज देश-प्रदेश के विकास व उत्थान की पहली सीढ़ी है। हम चाहते हैं कि जनसाधारण में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आए, जीवनशैली व्यवस्थित हो, समाज का ताना-बाना मजबूत हो और भाईचारे की कड़ियां सुदृढ़ हों। ये उदगार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को ऐतिहासिक नगरी पानीपत के सैक्टर 13-17 के ग्राउंड में आयोजित की गई मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले अपने संबोधन में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना और साथ ही नागरिकों में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विजेताओं को सम्मानित किया और उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 21 कि.मी., 10 कि.मी. और 5 कि.मी. की मैराथन के सभी विजेताओं के साथ ही इनमें भाग लेने वाले हर नागरिक को बधाई देता हूं। ऐसे आयोजनों में भाग लेना पूरे समाज को एक शुभ संदेश देता है और इससे सब नागरिकों, विशेषकर बच्चों व युवाओं को प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हमने हरियाणा में मैराथन, खेल, योग और राहगिरी को निरंतर बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन और सभी संस्थाओं का इस सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री मैराथन के धावकों के साथ खुली गाड़ी में दूर तक गये व संस्थाओं द्वारा लगाये गये व विभिन्न स्टालों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कार्यक्रम अपने उद्देश्य में निश्चित रूप से सफल रहेगा। मैराथन में पहुंचे युवाओं ने खूब धूम मचाई व अपने उत्साह व जोश का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैराथन में स्कूल-कालेजो के बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा खिलाड़ियों के अलावा पुलिस के जवानों ने भी भाग लिया। मैराथन में भाग लेने वाले बुजुर्गों में भी जोश देखने को मिला।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी